● वर्ष 05 ● अंक 580● पृष्ठ 6 ● मूल्य : 2 रुपये● देवघर, बुधवार 12 नवम्बर, 2025
www.republicnationnews.com.in E-mail : republicnationdesk@gmail.com

REPUBLIC NATION

हिन्दी समाचार-पत्र

# रिपब्लिक नेशन

सच्चाई की जड़ तक पहुंचता आपका अपना मत

A Unit of AB MASS MEDIA PVT. LTD.
● संपादक : अनिता कुमारी ● प्रधान संपादक : वरुण कुमार
+91 7004248229

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया के राष्ट्रीय संग्रहालय से चोरों ने रोमन काल की मूर्तियां चुराईं

**दमिश्क/एपी।** सीरिया की राजधानी स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय से चोरों ने रोमन काल की कई प्राचीन मूर्तियां चुरा लीं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दमिश्क का राष्ट्रीय संग्रहालय सोमवार तड़के चोरी का पता चलने के बाद अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। देश 14 साल के गृहयुद्ध और पिछले साल 54 साल के असद परिवार के शासन के पतन से जूझ रहा है। ऐसे में संग्रहालय जनवरी में फिर से खोला गया था। मध्य दमिश्क स्थित देश के इस सबसे बड़े संग्रहालय में इतिहास से जुड़ी अमूल्य प्राचीन वस्तुएं रखी हैं। देश में अराजकता के माहौल के बाद संग्रहालय में धातु के गेट और निगरानी कैमरे लगाए गए थे।

### तुर्किये का सैन्य विमान जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त, 20 लोग थे सवार

**अंकारा/एपी।** तुर्किये का एक सैन्य मालवाहक विमान मंगलवार को अजरबैजान की सीमा के पास जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 20 लोग सवार थे। तुर्किये और जॉर्जिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने हताहतों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी। तुर्किये के समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में विमान को नीचे की ओर गिरते हुए तथा सफेद धुआं छोड़ते हुए दिखाया गया है। तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि सी-130 विमान ने अजरबैजान से उड़ान भरी थी और तुर्किये वापस आ रहा था, तभी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने हताहतों की संख्या का संकेत दिया, लेकिन कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।

### यूक्रेन ने ऊर्जा क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामले में पांच को हिरासत में लिया

**कीव/एपी।** यूक्रेनी भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि उसने देश के ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के कथित रिश्वतखोरी से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले की जांच के तहत पांच लोगों को हिरासत में लिया है और सात अन्य संदिग्धों की पहचान की है। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अपने बयान में संदिग्धों के नाम नहीं बताए, लेकिन कहा कि उनमें एक व्यवसायी शामिल है, जिसे इस मामले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। इसके अलावा देश के ऊर्जा मंत्री का एक पूर्व सलाहकार और राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा कंपनी एनर्जोएटम का एक अधिकारी शामिल है। एजेंसी ने एक दिन पहले एनर्जोएटम सहित ऊर्जा क्षेत्र में संदिग्ध भ्रष्टाचार की 15 महीने की जांच के कुछ विवरण उजागर किए हैं।

# दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा : प्रधानमंत्री मोदी



**थिंपू/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि घटना की जांच कर रही एजेंसियां ङ्क्षङ्क्षमामले की तह तक जाएंगी और इसके लिए जिम्मेदार सभी लोगों को न्याय के शिकंजे में लाया जाएगा। मोदी ने भूटान के पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक की 70वीं जयंती के मौके पर चांगलीमेथांग स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि दिल्ली की घटना के मद्देनजर वह भारी मन से थिंपू आए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सोमवार को पूरी रात विस्फोट की जांच कर रही एजेंसियों के संपर्क में रहे। दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम एक कार में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। मोदी ने कहा, भारत और भूटान के बीच सदियों से गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। इसलिए, इस खास मौके का हिस्सा बनना भारत और मेरी प्रतिबद्धता थी। उन्होंने कहा, लेकिन आज मैं भारी मन से यहां आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी को बहुत दुखी किया है। मैं प्रभावित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

मोदी ने कहा, हमारी एजेंसियां इस साजिश की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने चांगलीमेथांग स्टेडियम में हजारों भूटानी नागरिकों की मौजूदगी में दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि भूटानी नेतृत्व ने दिल्ली विस्फोट में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और सभी प्रभावित परिवारों के लिए विशेष प्रार्थना की। दिल्ली में जांचकर्ता इस विस्फोट की संभावित आतंकवादी हमले के रूप में जांच रहे हैं। उन्होंने कश्मीर के डॉक्टर उमर नबी पर संदेह जताया है, जो कथित तौर पर उस कार को चला रहा था, जिसका इस्तेमाल लाल किले के पास विस्फोट के लिए किया गया।

माना जा रहा है कि डॉ. नबी विस्फोट में मारा गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने विस्फोट में उसकी भूमिका का पता लगाने के लिए उसकी मां के डीएनए का नमूना एकत्र किया है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार रात बताया था कि विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई। हालांकि, उसने मंगलवार को बताया कि तीन और लोगों के दम तोड़ने से मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

थिंपू में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में मोदी ने भूटान के पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक और जनता को भारत की जनता की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

लाल किला विस्फोट : कार चलाने वाले पुलवामा के

# डॉक्टर उमर नबी के संबंध आतंकवादी मॉड्यूल से थे

**नई दिल्ली/श्रीनगर/भाषा।** पुलिस ने मंगलवार को लाल किला विस्फोट मामले की जांच एक संभावित आतंकवादी हमले के रूप में की और पुलवामा के एक डॉक्टर पर ध्यान केंद्रित किया जो विस्फोट में इस्तेमाल हुई कार को चला रहा था।



पुलिस ने बताया कि पुलवामा के इस डॉक्टर का संबंध फरिदाबाद स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से था, जिसका पर्दाफाश वहां से विस्फोटक बरामद होने के बाद हुआ था। माना जा रहा है कि सोमवार शाम हुए विस्फोट में डॉ. उमर नबी की मौत हो गई है। इस विस्फोट में कम से कम 12 लोग मारे गए थे। मंगलवार को जम्मू कश्मीर पुलिस ने उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके।

श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा, हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए भी डीएनए नमूना लिया है।

गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद यह मामला राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दिया गया है। लाल किले पर सोमवार शाम को हुए विस्फोट से कुछ ही घंटे पहले जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े एक ''सफेदपोश'' आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ था, जिसमें तीन डॉक्टर समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था और 2,900 किलोग्राम विस्फोटक जब्त किया गया था। यह मॉड्यूल कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ था।

सोमवार को गिरफ्तार किए गए लोगों में डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. शाहीन सईद भी शामिल थे जो फरीदाबाद स्थित अल फला विश्वविद्यालय से जुड़े थे, जहां से 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया था।

## आरएसएस की 100 साल की यात्रा बेहद सफल और अद्वितीय : कृष्ण गोपाल



**अहमदाबाद/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह-सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल ने मंगलवार को कहा कि आरएसएस की 100 साल की यात्रा बहुत सफल रही है और दुनिया में इसकी कोई मिसाल नहीं है।

गोपाल ने भारतीय विचार मंच की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज का जीवन लक्ष्य सभी प्राणियों को ज्ञान प्रदान करना और उन्हें सभ्य बनाना है।

इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित अन्य गणमान्य हस्तियां भी शामिल हुईं।

गोपाल ने कहा, 100 वर्षों की यात्रा एक बहुत ही सफल यात्रा है, एक अनूठी यात्रा है, दुनिया में इसकी कोई मिसाल नहीं है। यह हिंदू समाज की ओर से स्वयं विकसित की गई यात्रा है। उन्होंने कहा, हर समाज के कर्तव्य और जिम्मेदारियां होती हैं, हर समाज का एक जीवन लक्ष्य होता है। हमारे हिंदू समाज का जीवन लक्ष्य सभी प्राणियों को ज्ञान प्रदान करना, उन्हें सभ्य बनाना है। केवल हम ही पूरी दुनिया को 'वसुधैव कुटुंबकम' के बारे में बता सकते हैं।

गोपाल ने कहा कि संघ चाहता है कि पूरा हिंदू समाज संगठित हो। उन्होंने कहा कि आरएसएस तब तक काम करता रहेगा, जब तक पूरे देश में 'परम एकता' हासिल नहीं हो जाती। गोपाल ने कहा, और जब तक यह लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता, तब तक जो कुछ भी करने की जरूरत है, आरएसएस को वह करना होगा। इसलिए हमें दो काम करते रहना है : पहला, अपनी शाखाओं का विस्तार करते रहें। 87,000 (शाखाओं) पर न रुकें... यह विस्तार जारी रहेगा। और दूसरा, समाज के सामने आने वाली हर समस्या को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करते रहें और लोगों को अपने साथ लेकर चलें।

उन्होंने कहा कि आरएसएस संगठन की सर्वव्यापकता के साथ-साथ समाज की सभी समस्याओं का समाधान खोजने के लिए काम करता है।

## इस्लामाबाद आतंकी हमले पर पाक के आरोपों को भारत ने सिरे से नकारा

**नई दिल्ली/भाषा।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा इस्लामाबाद में हुए आतंकी हमले को भारत से जोड़ने वाले आरोपों को भारत ने मंगलवार को पूरी तरह निराधार बताकर अस्वीकार कर दिया है। भारत ने इसे पाकिस्तान के भ्रमित नेतृत्व की ओर से झूठी कहानियां गढ़ने की एक तयशुदा रणनीति करार दिया। पाकिस्तानी राजधानी में एक अदालत के बाहर हुए आत्मघाती हमले में 12 लोगों के मारे जाने के कुछ ही घंटों बाद शहबाज शरीफ ने इस वारदात में भारतीय समर्थन से सक्रिय समूहों के शामिल होने का आरोप लगाया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत ऐसे निराधार आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। उन्होंने कहा, यह पाकिस्तान की एक पुरानी और आजमाई हुई चाल है कि वह अपने देश में जारी सैन्य-प्रेरित संवैधानिक उलटफेर और सत्ता पर कब्जे से अपने नागरिकों का ध्यान भटकाने के लिए भारत के विरुद्ध झूठी कहानियां गढ़े।

## जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे जांच के निष्कर्ष : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत की अग्रणी जांच एजेंसियां दिल्ली विस्फोट मामले की तीव्र एवं गहन जांच कर रही हैं और इस घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास यातायात सिग्नल पर सोमवार शाम को धीमी रफ्तार से चल रही एक कार में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गयी थी। विस्फोट के कारणों के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

सिंह ने एक रक्षा सम्मेलन में कहा, ''मैं अपने साथी नागरिकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि देश की अग्रणी जांच एजेंसियां इस घटना की त्वरित और गहन जांच कर रही हैं।'' उन्होंने कहा, ''जांच के निष्कर्ष जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे। मैं देश को दृढ़ता से आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा दी जाएगी और उन्हें किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।''



रक्षा मंत्री ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''मैं इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह शोक संतप्त परिवारों को इस गहन दुख की घड़ी में शक्ति और सांत्वना प्रदान करें।''

### एनआईए को सौंपी गई लाल किला विस्फोट मामले की जांच

**नई दिल्ली/भाषा।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने लाल किला विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेन्सी (एनआईए) को सौंप दी है अब तक दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा इसकी जांच कर रही थी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर मंगलवार को हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया।

### गिरफ्तार महिला डॉक्टर जैश-ए-मोहम्मद के संगठन का हिस्सा

**नई दिल्ली/भाषा।** अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल के भंडाफोड़ के बाद गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में एक महिला डॉक्टर भी शामिल थी। शुरुआती जांच के आधार पर अधिकारियों ने दावा किया कि वह प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद द्वारा पिछले महीने गठित जमात-उल-मोमिनात का हिस्सा थी। सोमवार को श्रीनगर ले जाने के बाद गिरफ्तार की गयी डॉ. शाहीन सईद पर आरोप है कि वह भारत में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) की महिला भर्ती शाखा का हिस्सा है। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि करीब 35 वर्षीय और फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय से जुड़ी डॉ. सईद पाकिस्तान में अपने आका के संपर्क में थी।

## सुविचार

''थोड़ा डूबूंगा मगर फिर तैर आऊंगा, ऐ जिंदगी तू देख मैं जीत जाऊंगा।''

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

84,466.51595.19 (0.71%)

**निफ्टी**

25,875.80 180.85 (0.70%)

## दैनिक पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी | 23:03 तक |
| नक्षत्र | आश्लेषा | 18:37 तक |
| प्रथम करण | बालवा | 11:01 तक |
| द्वितीय करण | कौवाला | 23:03 तक |
| पक्ष | कृष्ण | |
| वार | बुधवार | |
| योग | शुक्ला | 07:55 तक |
| सूर्योदय | 06:40 | |
| सूर्यास्त | 17:22 | |
| चंद्रमा | कर्क | |
| राहुकाल | 12:01 - 13:21 | |
| विक्रमी संवत | 2082 | |
| शक संवत | 1947 | विश्वावसु |
| मास | मार्गशीर्ष | |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत | कोई नहीं |

## हमें अपनी मजबूत, भरोसेमंद वैश्विक रेटिंग एजेंसी की जरूरत : गोयल



**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि जैसे-जैसे देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, हमें खुद का एक मजबूत, भरोसेमंद और विश्वस्तरीय रेटिंग संस्थान स्थापित करने की जरूरत है। गोयल ने कहा कि मजबूत बुनियादी ढांचे के बावजूद, वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत की रेटिंग लंबे समय तक नहीं बढ़ाई। उन्होंने केयरएज के कार्यक्रम... 'द डायलॉग में कहा, ''जैसे-जैसे हम विकसित भारत 2047 की ओर बढ़ रहे हैं, हमें अपनी मजबूत, विश्वसनीय और विश्वस्तरीय रेटिंग संस्थान स्थापित करने का लक्ष्य रखना चाहिए।''

गोयल ने कहा कि विकास के चक्र में क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा, ''...निवेशक एजेंसी द्वारा दी गई रेटिंग को देखते हैं। इस आधार पर आप निवेश बढ़ाते हैं, आप व्यावसायिक विश्वास भी बढ़ाते हैं। यह व्यावसायिक भरोसा पूंजी प्रवाह और ऋण प्रवाह दोनों को बढ़ावा देगा। बैंक रेटिंग को एक महत्वपूर्ण मानदंड मानते हैं। ऋण दिया जाता है, उद्यमी या व्यवसाय रेटिंग से प्राप्त विश्वास के साथ बड़े और साहसिक कदम उठाते हैं और रोजगार सृजित होते हैं।'' उन्होंने कहा कि प्राय: कुछ रेटिंग एजेंसियां भारतीय अर्थव्यवस्था में छोटी-मोटी गड़बड़ियों या बदलावों को भी बढ़ा-चढ़ाकर पेश करती हैं।

गोयल ने कहा, ''वे जो संकट के संकेत देते हैं, वे वास्तविकता से कहीं ज्यादा होते हैं और इसीलिए मैं केयरएज से भी आग्रह करता हूं कि वह निवेशकों, बैंक कर्मचारियों... की मदद करने में एक जिम्मेदार भूमिका निभाए।''

# बिहार एक्जिट पोल में राजग की जीत का अनुमान

**पटना/भाषा।** बिहार विधानसभा चुनाव में रिकार्ड मतदान के बाद आये एक्जिट पोल के नतीजों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) स्पष्ट बहुमत के साथ पुन: सत्ता में लौटता नजर आ रहा है। अगर ये नतीजे वास्तविक परिणाम में बदलते हैं तो राजग की स्थिति नयी विधानसभा में पहले से बेहतर हो सकती है।

चुनाव के वास्तविक 14 नवंबर को मतगणना के बाद सामने आयेंगे।

दूसरे चरण के मतदान के ठीक बाद मंगलवार को विभिन्न टीवी समाचार चैनलों पर प्रसारित आठ सर्वे कंपनियों द्वारा अलग अलग जारी एक्जिट पोल के सभी अनुमानों में सत्तारूढ राजग अच्छे अंतर के साथ जीत दर्ज करने जा रहा है। इन अनुमानों में राजग को 130 से 167 सीटों पर जीतता दिखाया जा रहा है।

कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन को 70 से 108 सीटों पर आगे दिखाया जा रहा है। इस चुनाव में बड़े जोर शोर से मैदान में उतरी राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को शून्य से 5 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है।

मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के विवाद की पृष्ठभूमि में हुए इस चुनाव में कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में छह और 11 नवंबर को मतदान हुआ। इसमें मतदाताओं ने हिस्सेदारी का नया रिकार्ड बनाया। पहले चरण में 121 सीटों पर 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि दूसरे चरण में आज 122 सीटों पर 68.76 प्रतिशत वोट पड़े। इस बार दोनों चरणों में रिकार्ड मतदान हुआ।

एक्जिट पोल एजेंसी पीपुल्स इनसाइट ने राजग को 133-148 सीटें दी हैं जबकि महागठबंधन को 87 से 102 सीटों पर जीतता हुआ दिखाया है।

चाणक्य स्ट्रेटजीज के सर्वे में राजग को 130-138 और महागठबंधन को 100-198 सीटें दी गयी हैं। जेवीसी ने राजग को 135-150 और विपक्षी महागठबंधन को 88-130 सीटें, पीमार्क ने राजग को 142-162 और महागबंधन को 80-98 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। मैट्राइज के एक्जिट पोल के अनुमानों के अुनसार सत्तारूढ राजग को 147-167 सीटें मिल सकती हैं और महागठबंधन की सीटों की संख्या 70 से 90 के बीच रहने का अनुमान है। डीबी रिसर्च ने राजग को 137-152 और महागठबंधन को 83-98 सीटें दी हैं। उसके सर्वे में प्रशांत किशोर की पार्टी को 2-4 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है।

## बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में रिकॉर्ड 67.14 प्रतिशत मतदान



**पटना/भाषा।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मंगलवार को रिकॉर्ड 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह अब तक का सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। इस चुनाव को राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के नेतृत्व पर जनमत संग्रह के रूप में देखा जा रहा है। राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, दूसरे चरण में 122 विधानसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो छह नवंबर को पहले चरण में हुए 'रिकॉर्ड'' 65.09 प्रतिशत मतदान से लगभग दो फीसदी अधिक है। अधिकारियों ने कहा कि कई मतदान केंद्रों पर शाम तक लंबी कतारें देखी गईं, इसलिए अंतिम मतदान प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है।

राज्य का मुस्लिम बहुल जिला किशनगंज इस चरण में सर्वाधिक मतदान वाले जिलों में शीर्ष पर रहा, जहां 76.26 फीसदी वोट पड़े। इसके बाद कटिहार (75.23 प्रतिशत), पूर्णिया (73.79 प्रतिशत), सुपौल (70.69 प्रतिशत) और अररिया (67.79 प्रतिशत) का स्थान रहा। ये सभी जिले नेपाल की सीमा से सटे कोसी-सीमांचल क्षेत्र में आते हैं, जो बाढ़ प्रभावित और अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले इलाके हैं। दक्षिण बिहार के जिलों में भी मतदान का प्रतिशत अधिक रहा। जमुई में 67.81 प्रतिशत, गया में 67.50 फीसदी और कैमूर में 67.22 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। नवादा जिले में मतदान सबसे कम रहा, जहां शाम पांच बजे तक 57.31 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले।

# देवघर शहरी क्षेत्र में यातायात प्रतिदिन प्रातः समय 08:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक प्रस्तावित रूट चार्ट के अनुसार चलेगी

रिपब्लिक नेशन।

**देवघर।** अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार द्वारा देवघर शहर क्षेत्र स्थित बाबा मंदिर होने के कारण अत्यधिक श्रद्धालुओं के आगमन एवं टावर चौक के अन्दर मार्केट, सब्जी मंडी, अंडा पट्टी तथा आस-पास क्षेत्र में बैंक, मॉल होने के कारण तथा स्कूली बसों के आवागमन को लेकर अक्सर देवघर शहर में यातायात समस्या को देखते हुए, देवघर शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने हेतु प्रतिदिन प्रातः समय 08:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक प्रस्तावित रूट चार्ट के अनुसार निम्न स्थलों पर सभी प्रकार के वाहन के नो-इन्ट्री जोन एवं रूट डायवर्ड जोन बनाये गए है, जो निम्न है:-

» देवघर शहरी क्षेत्र में ओटो (टेम्पू), टोटो रिक्श एवं सवारी वाहन के प्रवेश निषेध बिन्दु से संबंधित रूट चार्ट निम्न प्रकार है :-

जसीडीह, सत्संग चौक की ओर से आने वाली टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन, नगर थाना मोड़ के रास्ते शनि मंदिर होते हुए राज रेडियो चौक से दाहिने जैन मंदिर रोड़ होते हुए बजरंगी चौक से मीना बाजार (फव्वारा चौक) की ओर रूट डायवर्ट रहेगा। थाना मोड़ से टावर चौक की तरफ टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन का प्रवेश निषेध रहेगा। निजी चार पहिया वाहन (व्यवसायिक वाहन का नही) का परिचालन रहेगा, जिसकी रूट डायवर्ट एवं प्रवेश निषेध थाना मोड़ रहेगी।




फव्वारा चौक, मीना बाजार से आने वाली सभी प्रकार के टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन जैन मंदिर रोड़ के रास्ते राज रेडियो चौक से शनि मंदिर होते हुए बिग बाजार मोड़ होते हुए एलआईसी मोड़ के रास्ते अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। बजरंगी चौक से राय कम्पनी मोड़, टावर चौक की तरफ टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन का प्रवेश निषेध रहेगा। निजी चार पहिया वाहन (व्यवसायिक वाहन का नही) का परिचालन रहेगा, जिसकी रूट डायवर्ट एवं प्रवेश निषेध बजरंगी चौक रहेगी।

जलसार, मस्जिद मोड़ एवं सब्जी मंडी, अंडा पट्टी रोड की ओर से आने वाले सभी प्रकार के टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन चांदन स्टैण्ड से मस्जिद मोड होते हुए अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। पटेल चौक से कॉग्रेस मोड़, थाना मोड़ एवं टावर चौक की तरफ टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन का प्रवेश निषेध रहेगा। निजी चार पहिया वाहन (व्यवसायिक वाहन का नही) का परिचालन रहेगा, जिसकी रूट डायवर्ट एवं प्रवेश निषेध पटेल चौक रहेगी।

बाबा जल-बैजनाथपुर की ओर से अपने वाले सभी प्रकार के टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन शहिद आश्रम मोड़ से नौलखा मंदिर, कुण्डा थाना, सारवॉ मोड़ होते हुए अपने गंतव्य की ओर जायेगी। निजी चार पहिया वाहन (व्यवसायिक वाहन का नही) का परिचालन रहेगा। मंदिर मोड़ के तरफ से बैजनाथपुर की ओर से सभी प्रकार के टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन का परिचालन रहेगा, जिसकी रूट डायवर्ट एवं प्रवेश निषेध शहिद आश्रम मोड़ रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी में चयनित खिलाड़ियों को आज देवघर से रवाना किया गया



**देवघर/रिपब्लिक नेशन।** राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देवघर जिला कुश्ती संघ द्वारा आयोजित ''आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी'' में चयनित खिलाड़ियों को आज देवघर से रवाना किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सह युवा नेता आदर्श लक्ष्य ने सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और देवघर जिले का नाम रौशन करने की शुभकामनाएँ दीं। मौके पर देवघर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष विजय प्रताप सनातन एवं सचिव संजीव झा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अभिजीत सिंह, यश राज गुप्ता समेत कई खेलप्रेमी मौजूद रहे।

इस अवसर पर आदर्श लक्ष्य ने कहा कि –

''देवघर की युवा प्रतिभाएँ राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का मान बढ़ा रही हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। मेरा उद्देश्य है कि देवघर के हर खिलाड़ी को बेहतर मंच और प्रोत्साहन मिले ताकि वे आने वाले समय में देश का नाम रोशन करें।''

मौके पर सभी खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने का संकल्प लिया और देवघर जिले का गौरव बढ़ाने का वादा किया।

### विधिक सेवा प्राधिकार कि ओर से चलाया गया जागरूकता अभियान



**ईचागढ़/रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ प्रखंड के गौरांगकोचा पंचायत सचिवालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के सचिव तौसीफ मेराज के निर्देशानुसार पीएलवी गंगा सागर पाल ने ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया । जागरूकता अभियान में पी एल वी गंगा सागर पाल ने डायन प्रथा , बाल विवाह, बाल मजदूर ,महिला उत्पीड़न, अनाथ बच्चों को मिलने वाले लाभ, नालसा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 15100, साइबर क्राइम से बचाव ,चाइल्ड लाइन 1098, तथा सरकार द्वारा चलाई जाने वाले विभिन्न लाभकारी योजनाओं आदि के विषयों मे जानकारी दिया। पीएलवी श्री पाल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से लगातार ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का जानकारी दिया जा रहा है,साथ ही सामाजिक कुरीतियां, प्रथा, नशा आदि के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को विभिन्न कानुनों की जानकारी दिया जा रहा है।

### रिटायर्ड शिक्षक मो. नासिरुद्दीन को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई



**फतेहपुर /रिपब्लिक नेशन।** प्रखंड के खिजुरिया गांव के शिक्षाविद व समाजसेवी मो. नासिरुद्दीन (73 वर्ष) का निधन 11 नवंबर को धनबाद के असर्फी अस्पताल में हृदयगति रुकने से हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। मंगलवार रात उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही वातावरण शोकमय हो गया। बुधवार दोपहर हजारों लोगों की मौजूदगी में उन्हें पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। नमाज-ए-जनाजा उनके पुत्र सद्दाम हुसैन ने अदा की।

मो. नासिरुद्दीन ने लगभग 38 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में सेवा दी और सेवानिवृत्ति के बाद भी निशुल्क बच्चों को पढ़ाते रहे। वे अपनी ईमानदारी, अनुशासन और समाजसेवा के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने केवल शिक्षा नहीं दी, बल्कि इंसानियत और संस्कार की सीख भी दी। लोगों ने अल्लाह से उनकी मग़फिरत और परिवार को सब्र देने की दुआ की।

### विधायक सविता महतो ने आबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को कराया गृह प्रवेश



**ईचागढ़ /रिपब्लिक नेशन।** झारखंड राज्य का गौरवपूर्ण 25 वां स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को चांडिल प्रखंड के रुचाप पंचायत में विधायक सविता महतो ने आबुआ आवास योजना के चार व प्रधानमंत्री आवास योजना के 5 लाभुको को विधिवत फीता काट व नारियल फोड़ कर गृह प्रवेश कराया । उन्होंने लाभूक को चाभी सौंपकर नये गृह स्वामी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक सविता महतो ने सभी लाभुकों के परिजनों को बधाई दिए।विधायक ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा दिए गए 9 लाभुको को आवास पर गृह प्रवेश कराया गया जिससे लोगो के चेहरे पर खुशी देखी गई। इस अवसर पर अंचलाधिकारी प्रदीप महतो, उप प्रमुख रामकृष्ण महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, राहुल वर्मा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### लूट कांड में शामिल महिला सहित 4 को गिरफ्तार

- **मास्टरमाइंड हिरण की सीमा कुमारी थी**



**देवघर /रिपब्लिक नेशन।** नगर थाना क्षेत्र के हिरणा मोहल्ला की रहने वाली महिला सीमा कुमारी सड़क पर चलती गाड़ियों को पहले रुकवाती थी और जैसे ही गाड़ी रुकती वैसे ही इसके अपराधी साथी गाड़ी में सवार हो जाते थे। फिर डरा धमकाकर गाड़ी को सुनसान जगह ले जाते थे। जहाँ गाड़ी में सवार लोगो के साथ मारपीट कर उनके पास से सामान और मोबाइल की छिनतई कर लेते थे। ऐसा ही मामला इसी माह की 5 तारीख को नगर थाना क्षेत्र के शंख मोड़ के पास घटी थी। गिरिडीह से कुछ लोग स्कोर्पियो लेकर देवघर आये थे,यहाँ कामधाम पूरा कर जब वापस गिरिडीह की ओर जा रहे थे तभी महिला ने अपने साथियों को ×फोन कर शंख मोड़ बुलाया और बड़ी चालाकी से स्कोर्पियो को रूकवाया। गाड़ी रुकते ही महिला के साथियों ने सभी सवार को बंधक बना लिया और सुनसान स्थान ले जाकर इन लोगों के साथ मारपीट कर छिनतई और लूटपाट करने के बाद वहां से फरार हो गए। पीड़ित द्वारा इसकी शिकायत नगर थाना में की गई। पुलिस इसे गंभीरता से लेते हुए एसपी सौरभ के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने इस कांड में शामिल महिला सहित 4 को गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगो के पास से लूट की तीन मोबाइल बरामद की है।

## जिला के प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर्स (एमबीबीएस) एवं अन्य हेतु वैक्टर जनित रोग नियंत्रण (भीबीडी) पर जिला स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन....

रिपब्लिक नेशन।



**देवघर।** सदर अस्पताल सभागार में वैक्टर जनित रोगों (भीबीडी) के नियंत्रण से संबंधित जिला स्तर पर प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर्स (एमबीबीएस एवं अन्य) हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. जुगल किशोर चौधरी द्वारा की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन द्वारा इस कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताते हुए सभी प्राइवेट प्रैक्टिशनर्स एवं अन्य के कार्य एवं दायित्व के बारे में जानकारी दिया गया तथा सबके सहयोग की सराहना करते हुए देवघर जिला में वैक्टर जनित रोगों को शून्य करने में विभाग का आगे भी सहयोग हेतु कहा गया।

जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार यादव ने सभी वैक्टर जनित रोगों यथा मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफलाइटिस तथा कालाजार, – इन सभी छह वैक्टर जनित बीमारियों पर राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, झारखंड द्वारा दिए गए नये दिशा निर्देशों के आलोक में विस्तृत जानकारी दिया गया। बताया गया कि इन सब के द्वारा रोगियों की सूचना मिलने पर देवघर जिला के संबंधित क्षेत्रों में अविलंब भीबीडी नियंत्रण हेतु निरोधात्मक कार्रवाई संपन्न कराया जाता है। जिससे तत्काल रोगों पर नियंत्रण के प्रयास कर इसे फैलने से रोकने के कारगर कदम उठाये जाते है एवं अन्य जिलों एवं राज्य से आए हुए रोगियों की सूचना संबंधितों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संसूचित कर दिया जाता है।

जिला भीबीडी सलाहकार डॉ गणेश कुमार यादव द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुति (पीपीटी) के माध्यम से सभी बीमारी वार मच्छरों के जीवन चक्र, रोग तथा लक्षण एवं रोगी की सूचना देने हेतु रेफरल स्लीप आदि संबंधी जानकारी प्रदान किया गया। अंत में नोटिफाइबल बीमारियों से संबंधित पत्र उपलब्ध कराते हुए विभाग को वैक्टर जनित रोगियों की नियमित एवं ज्यादा सूचना उपलब्ध कराने वाले निजी चिकित्सकों को सिविल सर्जन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए हौसला अफजाई किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 13 (तेरह) निजी MBBS चिकित्सकों – डॉ. सिकंदर सिंह, डॉ. डी. तिवारी, डॉ. निशांत चौरसिया, डॉ. आर. एन. प्रसाद, डॉ. गोपाल जी शरण, डॉ. मेजर राजा राम सिंह, डॉ. गौरी शंकर, डॉ. सौरभ साहा, डॉ. सुनील कुमार सिन्हा, डॉ. सुधीर प्रसाद, डॉ. नयन रंजन, डॉ. नीरज सत्यम तथा समय-समय पर विभाग को सहयोग देते हुए भीबीडी रोगों पर उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एम्स देवघर के डॉ. बिजित बिस्वास को डॉ जुगल किशोर चौधरी, सिविल सर्जन, देवघर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस एकदिवसीय कार्यशाला में जिला अंतर्गत कुल 30 निजी चिकित्सकों एवं 10 लैब संचालक/एलटी ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ जुगल किशोर चौधरी, जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अभय कुमार यादव, जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ गणेश कुमार यादव, एफएलए रवि सिन्हा, डीईओ कांग्रेस मंडल, पिरामल स्वास्थ्य से सिनियर प्रोग्राम लिड श्रवण जा, पीसीबी श्री पिंटू तिवारी, एमपीडब्ल्यू श्री राकेश कुमार, चनेशर रविदास, डेगन यादव आदि सहित देवघर एवं मधुपुर के जाने-माने निजी चिकित्सक एवं पैथोलॉजी लैब संचालक/एलटी उपस्थित थे।

## उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में स्थापना एवं अनुकंपा समितियों की समीक्षा बैठक संपन्न



**संवाददाता/जामताड़ा/रिपब्लिक नेशन।** जामताड़ा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्थापना समिति, जिला अनुकंपा समिति, चौकीदार अनुकंपा समिति एवं स्थापना शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने स्थापना से संबंधित विभिन्न मामलों – अनुकंपा नियुक्ति, एसीपी, एमएसीपी, सेवा संपुष्टि आदि की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्थापना उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का निस्तारण समयबद्ध और नियमानुसार किया जाए, ताकि कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी न हो।

जिला अनुकंपा समिति एवं चौकीदार अनुकंपा समिति के समक्ष प्राप्त आवेदनों पर भी नियमों के अनुरूप विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अनुकंपा पर नियुक्ति के दौरान आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, उम्र, जाति प्रमाणपत्र, आवासीय प्रमाणपत्र, अनापत्ति पत्र, पारिवारिक सूची आदि दस्तावेजों की समुचित जांच की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी आवेदक को बिना कारण परेशान न किया जाए तथा सभी कागजात पूर्ण रूप से जांच कर ही समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, स्थापना उप समाहर्ता पंकज कुमार रवि, जिला शिक्षा अधिकारी चार्ल्स हेम्ब्रम, जिला शिक्षा अधीक्षक विकेश कुणाल प्रजापति, अंचल अधिकारी अविश्वर मुर्मू सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि सभी शाखाओं में कार्य की गति और पारदर्शिता बनाए रखना प्राथमिकता है, ताकि सरकारी सेवाओं का लाभ समय पर कर्मियों और नागरिकों तक पहुँच सके।

## राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में पारम्परिक नृत्य (स्ट्रीटडांस) का किया गया आयोजन....

रिपब्लिक नेशन।

राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के जलसार पार्क समीप पारम्परिक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी व पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने जन मानस को झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव आमजनों के बीच साझा किया। इस आयोजन का उद्देश्य राज्य की 25 वर्षीय विकास यात्रा और सांस्कृतिक गौरव को लोगों तक पहुँचाना था।

झारखण्ड राज्य स्थापना के अवसर पर 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक राज्य स्तर पर प्रस्तावित गतिविधियों के अनुरूप जिले में परिसंपत्तियों का वितरण, पौधरोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



किए जायेंगे। वहीं 13 नवंबर को नो योर टूरिस्ट पैलेस कार्यक्रम के अंतर्गत साईकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार पोस्टर, बैनर, एवं पंपलेट के माध्यम से किया जाएगा। 15 नवंबर को मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर Jharkhand@25 थीम पर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चित्रकला, कविता, भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, नाटक एवं संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा। जिलास्तर पर विकास मेला का आयोजन किया जाएगा। विकास मेला में सरकार की कल्याणकारी योजना की जानकारी आमजनों को देने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। साथ ही लाभुकों को परिसम्पति वितरित की जाएगी।

उपरोक्त के अलावे जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, मीडिया प्रतिनिधि व संबंधित विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने स्थापना दिवस के 25 वीं वर्षगांठ पर कराया गृह प्रवेश



**ईचागढ़/रिपब्लिक नेशन।** झारखंड स्थापना दिवस के 25 वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला सरायकेला खरसावां अंतर्गत प्रखंड ईचागढ़ पंचायत चिमटिया के त्मामारी गांव में अबूआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का गृह प्रवेश धूम धाम के साथ कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा ,प्रखंड प्रमुख गुरु पद मार्दी, मुखिया अभिराम हेंब्रम,पंचायत समित सदस्य पार्वती महतो, पंचायत सहायक अनाथ महतो,संजय महतो,प्रताप मांझी,उपमुखिया संतोष सिंह , प्रखंड समन्वयक ठाकुर सोरेन, आनन्द पुरान,दिलीप गोप,कार्तिक गोप,रोजगार सेवक गुणाधर महतो आदि,गृह प्रवेश महेश्वर महतो, मुक्ता सिंह, मालिंद्र महतो, पविता महतो, धनंजय गोराई आदि उपस्थित थे।

## एनपीपीसीडी, सांस एवं एनीमिया मुक्त भारत पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन....

रिपब्लिक नेशन।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों – एनपीपीसीडी (राष्ट्रीय बहरेपन की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम), सांस तथा एनीमिया मुक्त भारत अभियान – पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, नर्सों,सहिया एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को इन महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली, लक्ष्यों और जन-जागरूकता रणनीतियों से प्रशिक्षित करना था ताकि स्वास्थ्य सेवाएं गांव-गांव तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें।

कार्यशाला का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ जुगल किशोर चौधरी द्वारा किया गया। अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इन तीनों कार्यक्रमों का उद्देश्य ''स्वस्थ भारत'' के संकल्प को साकार करना है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को जमीनी स्तर पर लागू करें ताकि इन अभियानों का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे।

विशेषज्ञों ने बताया कि भारत में श्रवण हानि की समस्या बढ़ती जा रही है। इस कार्यक्रम के



तहत नवजात शिशुओं से लेकर वृद्धजनों तक के कानों की जांच, सुनने की क्षमता की स्क्रीनिंग और समय पर उपचार पर बल दिया गया। कार्यशाला में ओटोलॉजिस्ट एवं ईएनटी विशेषज्ञों ने सुनने की मशीनों, ईयर केयर और रोकथाम उपायों पर भी व्यावहारिक जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया मृत्यु का प्रमुख कारण है। सांस अभियान का उद्देश्य समय पर पहचान, त्वरित उपचार और रोकथाम के माध्यम से बच्चों की जान बचाना है। आशा कार्यकर्ताओं को बताया गया कि शिशुओं में तेज सांस चलना, सीने में धड़कन या खांसी जैसे लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सीय सहायता कैसे उपलब्ध कराई जाए।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि एनीमिया न केवल महिलाओं और किशोरियों में बल्कि बच्चों और पुरुषों में भी व्यापक रूप से पाई जाती है। प्रशिक्षण में आयरन-फोलिक एसिड (IFA) टैबलेट वितरण, संतुलित आहार, हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों एवं खून बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन के महत्व पर जोर दिया गया

जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की यह पहल ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इन तीनों कार्यक्रमों का समन्वित लक्ष्य है – ''स्वस्थ बचपन, सक्षम युवावस्था और सशक्त मातृत्व।''

कार्यशाला में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को पोस्टर, ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों, प्रश्नोत्तरी और समूह चर्चा के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर व्यावहारिक सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में इन कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया।

## राष्ट्रीय पक्षी दिवस (12 नवम्बर): सन 1963 में मोर को राष्ट्रीय पक्षी का दर्जा दिया गया था : डॉ. प्रदीप सिंह देव

रिपब्लिक नेशन।

देवघर। प्रत्येक वर्ष देश भर में 12 नवम्बर को 'राष्ट्रीय पक्षी दिवस' मनाया जाता है। भारत के मशहूर पक्षी विज्ञानी और प्रकृक्तिवादी डॉ. सालिम अली के जन्मदिवस के अवसर पर भारत सरकार ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस घोषित किया था। मौके पर स्थानीय साइंस एंड मैथेमैटिक्स डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने कहा- डॉ. सलिम अली का जन्म 12 नवम्बर 1896 में बॉम्बे के एक सुलेमानी बोहरा मुस्लिम परिवार में हुआ था। वे विश्व विख्यात भारतीय पक्षी विज्ञानी और प्रकृतिवादी थे। उनका पूरा नाम ड़ॉ. सलीम मोइजुद्दीन अब्दुल अली है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई में हुई। उन्होंने बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के सचिव डबल्यू.एस मिलार्ड की देख-रेख में पक्षियों पर गंभीर अध्ययन करना शुरू किया, जिन्होंने असामान्य रंग की गौरैया की पहचान की थी। उनका निधन 27 जून 1987 को 91 साल की उम्र में हुआ। इनके नाम पर 'बॉम्बे नैचुरल हिस्ट्री सोसाइटी' और 'पर्यावरण एवं वन मंत्रालय' द्वारा कोयम्बटूर के निकट 'अनाइकट्टी' नामक स्थान पर सलिम अली पक्षी विज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केन्द्र स्थापित किया गया। पक्षी विशेषक्ष सालिम अली के जन्म दिवस को 'भारत सरकार' ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस घोषित किया हुआ है। उन्हें भारत में ₹पक्षी मानव₹ के नाम से भी जाना




जाता है। उन्होंने पक्षियों से सम्बंधित अनेक पुस्तकें लिखी थीं। 'बड्र्स ऑफ इंडिया' इनमें सबसे लोकप्रिय पुस्तक है। डाक विभाग ने इनकी स्मृति में डाक टिकट भी जारी किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों ने उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा। वर्ष 1958 में उन्हें 'पद्मभूषण' तथा 1976 में 'पद्मविभूषण' से अलंकृत किया गया था। डॉ. देव ने आगे राष्ट्रीय पक्षी के संदर्भ में कहा सन 1963 में मोर को राष्ट्रीय पक्षी का दर्जा दिया गया था। इस सम्मान का कारण मोर की सुंदर आकृति तो थी ही मगर उससे भी ज्यादा अनर्घ्य था उसका ऐतिहासिक और धार्मिक मूल्य। हमारे राष्ट्रीय पक्षी मोर का नाचना वर्षा ऋतु का पर्याय हो चुका है। पंचतंत्र से लेकर पौराणिक कथाओं तक, मोर का वर्णन हर जगह है। मोर के पंखों का गाढ़ा नीला और हरा रंग इस पक्षी की प्रशंसा का केंद्रीय कारण बन गया है। सुंदर पंखों वाला मोर, जो कि अपनी प्रजाति का नर है, अक्सर मादा समझ लिया जाता है। दरअसल, कई वैज्ञानिक जानते और समझते हैं कि यह आकर्षित कृति इस पक्षी को मेट करने में अधिक मदद करती है, मगर हर कोई यह सिद्धि नहीं मानता। मोर के पंख 5-6 फीट तक लंबे हो सकते हैं। उन पर आंखों के आकार के समान डिजाइन होता है जो अक्सर नीले, लाल और सुनहरे रंगों में पाया जाता है। इन पंखों के इतने लंबे होने के बावजूद मोर थोड़ी दूरी तक उड़ सकते रात के समय वह अक्सर पेड़ों पर पाए जाते हैं और अपने खतरे के समय यह रुचिर पंख उनके बहुत काम हैं। में आते हैं। कई धर्मों में मोर का अधिक महत्व है। प्राचीन समय में ईसाई धर्म में मोर अमरता का प्रतिनिधित्व करता था। संस्कृत में मयूर नाम से जाना जाने वाला यह पक्षी, हिंदू भगवान कार्तिकय, जो कि युद्ध के देवता माने जाते हैं, का वाहन है।

# झारखंड स्थापना दिवस पर स्ट्रीट डांस का आयोजन, पारंपरिक लोकनृत्य व गीतों से झारखंड की झलक

- ढोल, नगाड़ा और पारंपरिक नृत्यों पर खूब झूमे उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारीगण...
- झारखंड स्थापना दिवस उत्सव, जनभागीदारी और विकास के संकल्प का प्रतीक है:- उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव...
- सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है, जागरूकता ही सशक्त समाज की नींव है:- उपायुक्त
- नगाड़ों की गूंज और झांझ की थाप पर जनजातीय नृत्यों की झलक देखने को मिली...





रिपब्लिक नेशन।

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस 2025 (रजत जयंती वर्ष) के अवसर पर आज बुधवार को शहर के टॉवर चौक से कालीबाड़ी चौक तक स्ट्रीट डांस का आयोजन किया गया।

ढोल,नगाड़ा और पारंपरिक नृत्यों पर खूब झूमे उपायुक्त रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारीगण। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्यों और लोकगीतों के माध्यम से झारखंड की गौरवशाली संस्कृति और परंपरा को प्रस्तुत किया। नगाड़ों की गूंज और झांझ की थाप पर जनजातीय नृत्यों की झलक देखने को मिली। पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नागरिक, विद्यार्थी, सांस्कृतिक संस्थानों के सदस्य उपस्थित थे। लोगों ने झारखंड की सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध विरासत की इस प्रस्तुति की सराहना की। मौके पर उपायुक्त, रामनिवास यादव ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड सरकार के 25 वर्षों की उपलब्धियों और राज्य के विकास यात्रा को आम जनों तक सांस्कृतिक माध्यम से पहुँचाना था। कलाकारों ने अपने गीतों के जरिये राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प, विकास के प्रति प्रतिबद्धता, और जनसेवा के प्रति सजगता का संदेश दिया। आगे उपायुक्त ने कहा कि झारखंड स्थापना दिवस उत्सव, जनभागीदारी और विकास के संकल्प का प्रतीक है। सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। जागरूकता ही सशक्त समाज की नींव है।

जागरूकता रथ एवं नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नुक्कड़-नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जागरूक किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंच सके। जागरूकता रथ को आकर्षक तरीके से सजाया गया है, जिसमें झारखंड के विकास यात्रा, राज्य सरकार की प्रमुख योजनाएं जैसे अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पेंशन योजना, कृषि संबंधित योजनाओं सहित सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक दिखाई गई है। साथ ही नुक्कड़-नाटक एवं ऑडियो के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। रथ के माध्यम से 11 नवंबर से 29 नवंबर 2025 तक जिले के विभिन्न हिस्सों में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि राज्य स्थापना को जनता के साथ मिलकर गौरव के रूप में मनाया जा सके।

## पंचेत में सोलर प्लांट के विरोध में बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरु

रिपब्लिक नेशन।



निरसा। डीवीसी व एनटीपीसी की ओर से पंचेत में निर्माणाधीन सोलर प्लांट के विरोध में दामोदर वैली वस्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले सैकड़ों विस्थापित ग्रामीणों ने डीवीसी कंबाइंड बिल्डिंग के समक्ष बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरु किया। डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सोलर प्लांट गो बैक का नारे लगाए। धरना में बरिष्ठ कांग्रेस सह इंटक नेता सुधांशु शेखर झा शामिल हुए। झा ने राज्य के मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को स्थिति से अवगत कराया। वक्ताओं ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन विस्थापित ग्रामीणों को गुमराह कर रही है। कहा कि ग्राम सभा, समाजिक व पर्यावरणीय प्रभाव के आकलन किए बिना डीवीसी प्रबंधन पुलिस प्रशासन का भय दिखाकर पंचेत में सोलर प्लांट का निर्माण कर रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी विस्थापितों के दर्द से अवगत कराया गया। सीएम के उप सचिव घनश्याम प्रसाद सिंह ने डीसी को एक पखवाड़े के अंदर मामले का निष्पादन कर सचिवालय को अवगत कराने कहा है। आंदोलनकारियों ने कहा कि तत्कालीन डीसी विनोद किस्पोट्टा ने डीवीसी अधिकारियों के समक्ष बैठक कर रैयतों की खाली जमीन को वापस करने की बात कही थी। लेकिन आजतक अमल नहीं किया गया। कहा कि पंचेत डैम निर्माण में दस हजार लोग विस्थापित हुए थे लेकिन आज भी वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। रोजगार और मुआवजे के लिए दर बदर भटक रहे हैं। कहा कि हमारे पूर्वजों ने पंचेत डैम निर्माण के लिए जमीन दिया था न कि सोलर प्लांट के लिए। कहा कि सोलर प्लांट बनने से पर्यावरण के साथ हजारों मछुआरों का रोजगार प्रभावित होगा। पेड़ काटे जाएंगे। मवेशियों के लिए चारागाह भूमि समाप्त हो जाएगा। श्मशान घाट के लिए स्थल नहीं बचेगा। कहा कि धनबाद के डीसी की देखरेख में उच्च स्तरीय त्रिपक्षीय वार्ता कर यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुधांशु शेखर झा, समिति अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, मुखिया भैरव मंडल, जाकिर अंसारी, पूर्व मुखिया विशाखा मरांडी, सूर्योदय राय, राजन टुडू, सपन टुडू, मुबारक अंसारी, शाहीद, शिखा दे, पुतुल गोराई आदि थे।

## बीजेपी नेता व जिप सदस्या की पहल पर मृतकों के आश्रितों को मिली मदद

**रिपब्लिक नेशन । डुमरी।** मुम्बई एवं गुजरात मे मृत प्रवासी मजदूरो के आश्रितों को भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार और जिप सदस्या सुनीता कुमारी की पहल पर श्रम विभाग से दो दिनों मे आर्थिक मदद मिली। क्षेत्र में सदा अपनी सक्रियता के लिए प्रसिद्ध नेतद्वय ने फिर एकबार ₹परहित सरिस धर्म नहीं भाई ₹ की उक्ति को चरितार्थ कर दिया।



आज बुधवार को पीड़ित परिवार को भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार ने पीड़ित परिवारों को रकम आने की जानकारी दी।

बताया गया कि रोशनाटुंडा पंचायत में खेजवाली निवासी अर्जुन मरांडी का गत 5 नवंबर को गुजरात मे कार्य करने के दौरान निधन हो गया था। वहीं दूसरी घटना में भरखर पंचायत के निवासी अनिल कुमार महतो की कार्य करने के दौरान गत 2 नवंबर को मुम्बई मे मृत्यु हो गई थी।जिसकी सूचना पाकर भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार ने पीड़ित परिवार से बात कर इस दुख की घड़ी में सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिए था। वहीं जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी ने पीड़ित परिवार को श्रम विभाग से मदद दिलाने का आश्वासन दिया था। जिस पर बीजेपी नेता व सुनीता कुमारी ने स्वयं पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर पीड़िता से सारी कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर गिरिडीह श्रम विभाग कार्यालय स्वयं पहुंचकर पीड़ित परिवार को मदद दिलाने की मांग की थी। जिस पर श्रम विभाग द्वारा मृतक अर्जुन मरांडी की पत्नी बसंती देवी एवं अनिल कुमार महतो की पत्नी प्रमिला देवी के खाते में पचास पचास हज़ार राशि भेज दिया गया।

## रजत जयंती वर्ष पर पाकडीह गांव में अबुआ आवास योजना के तहत रबिया बाउरी के घर में हुआ गृह प्रवेश समारोह, नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

रिपब्लिक नेशन।



**जामताड़ा।** राज्य स्थापना दिवस के 25वें रजत जयंती वर्ष के अवसर पर बुधवार को जामताड़ा प्रखंड के सुपायडीह पंचायत अंतर्गत पाकडीह गांव में अबुआ आवास योजना के तहत लाभुक रबिया बाउरी के नवनिर्मित घर में गृह प्रवेश समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन और सर्वोदय सेवा समिति की ओर से किया गया, जिसमें संस्था के सदस्यों ने सामाजिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे कि आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, मनरेगा आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्टेट कमेटी के परियोजना प्रबंधक तमुल तरण ने कहा कि ''यह कार्यक्रम हमारे राज्य के गौरवशाली 25वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी परिवार बेघर न रहे और हर व्यक्ति को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाए। जिन लाभुकों को अबुआ आवास योजना के तहत घर मिला है, उन्हें गृह प्रवेश कराया गया है, वहीं जिनके घर अभी निर्माणाधीन हैं, उन्हें जल्द कार्य पूर्ण करने की शपथ दिलाई गई है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले हर व्यक्ति को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हों और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इस मौके पर उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वे योजनाओं का सही उपयोग करें और दूसरों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर सिराज अंसारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राकेश महतो, इंद्रजीत मंडल, मुखिया स्टेनशीला हेम्ब्रम, पंचायत सचिव दीपक कुमार बादल, स्वयंसेवक कमरुद्दीन अंसारी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। गांव के लोगों ने कहा कि अबुआ आवास योजना से उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। कार्यक्रम के अंत में लाभुक रबिया बाउरी ने भी सरकार और समिति का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है बल्कि समाज में एकता और जागरूकता का भी प्रसार होता है। पूरे समारोह के दौरान माहौल उत्साहपूर्ण और भावनात्मक रहा, क्योंकि कई वर्षों की प्रतीक्षा के बाद लाभुकों ने अपने नए घर में कदम रखा।

## झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर पीरटांड़ में आवास योजना के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम

- राज्य सरकार व जिला प्रशासन प्रत्येक जरूरतमंद और वंचित परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है...



**रिपब्लिक नेशन। गिरिडीह ।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह 2025 के उपलक्ष्य में आज पीरटांड़ प्रखंड में उपायुक्त, रामनिवास यादव ने अबुआ आवास योजना के लाभुकों को गृह प्रवेश कराया। साथ में स्वीकृति पत्र भी सौंपा। मौके पर उपविकास आयुक्त, स्मृता कुमारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। गिरिडीह जिले में कुल 4454 गृह प्रवेश कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद और वंचित परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी बताया कि ₹अबुआ आवास योजना₹ झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत ऐसे परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिनके पास रहने के लिए उचित आवास नहीं था।

उन्होंने लाभुकों से अपने नए घर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुरक्षित बनाए रखने का आग्रह किया तथा कहा कि यह आवास केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि उनके सपनों का घर है जो उन्हें नई शुरुआत और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने लाभुकों को नए घर की शुभकामनाएँ दीं और सरकार के इस प्रयास की सराहना की।

## तमिलनाडु में मृत पिता के शव लाने को लेकर पुत्र ने लगाई गुहार

रिपब्लिक नेशन।

**गिरिडीह ।** जिले के मधुवन थाना क्षेत्र के चैनपुर पंचायत निवासी छेदी सिंह (उम्र 55 वर्ष) की मौत तमिलनाडु के त्रिपुर जिले में हो गई है। मृतक के परिजन बेहद परेशान हैं और उन्होंने जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग से शव को झारखंड लाने में सहयोग की गुहार लगाई है।

मृतक के बड़े पुत्र महेंद्र सिंह ने श्रम अधीक्षक गिरिडीह को एक आवेदन देकर बताया कि उनके पिता बीते कुछ वर्षों से तमिलनाडु के अश्वत्थ इंक 277, परासिवामपालायम रोड, पोंगुपालयम पोस्ट, त्रिपुर (641666) में कपड़ा धागा कंपनी में मजदूरी का काम करते थे। वे किराये के कमरे में रहकर काम करते थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

महेंद्र सिंह ने बताया कि 12 नवंबर 2025 की सुबह करीब चार बजे उनके पिता की अचानक मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर उन्होंने कंपनी प्रबंधन से संपर्क किया, लेकिन कंपनी के सुपरवाइजर ने किसी भी प्रकार की सहायता करने से इनकार कर दिया। सुपरवाइजर ने यहां तक कहा कि यह घटना उनकी कंपनी से संबंधित नहीं है, इसलिए वे शव लाने या किसी अन्य सहयोग के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

वर्तमान में मृतक का शव त्रिपुर के सरकारी जीएच हॉस्पिटल के मर्चरी वार्ड में रखा गया है। मृतक के परिजन अत्यंत गरीब हैं और शव को गिरिडीह लाने के लिए आर्थिक रूप से असमर्थ हैं।

महेंद्र सिंह ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि सरकार मानवीय दृष्टिकोण से हस्तक्षेप कर शव को जल्द से जल्द उनके पैतृक गांव चैनपुर लाने में मदद करे।

मृतक के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं, जिनमें महेंद्र सिंह सबसे बड़े हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है, और पिता ही परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि परिवार को आर्थिक सहायता और शव लाने की सुविधा जल्द उपलब्ध कराई जाए।

## प्रतिबंधित मांगुर मछली की शक में ट्रक सहित दो पकड़ाए

रिपब्लिक नेशन।

**डुमरी ।** डुमरी थाना क्षेत्र में कुलगो टोल प्लाजा के पास एनएच 19 पर मंगलवार की रात ग्रामीणों ने तस्करी के लिये ले जाये जा रहे प्रतिबंधित मांगुर मछली से लदे एक ट्रक सहित चालक और खलासी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मछली लदा ट्रक बंगाल से बिहार के डोभी जा रहा था। इस संबंध में बताया जाता है कि रात को कुछ ग्रामीणों ने सन्देह होने पर एक ट्रक को रोका। चालक और खलासी से कड़ाई से पूछताछ करने पर ट्रक में मांगुर मछली लदे होने की बात स्वीकार किया। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में कर एवं ट्रक चालक कोलकाता निवासी किसनेन्दू मन्ना और कोलकाता के बरईपुर निवासी कुर्बान मिस्त्री को पकड़ कर थाना ले गयी। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।




पुलिस के अनुसार मछली की जांच के लिये मत्स्य विभाग गिरिडीह को सूचना दी गयी है। जांच में थाई मांगुर मछली के होने की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।पूछताछ में चालक ने ग्रामीणों को ट्रक में मछली लदे होने का एक बिल्टी दिखाया।

यह बिल्टी आस्था रोड लाइंस के नाम से है।जिसके ऑफिस का पता हिमालय प्लाजा ब्लॉक सी, दानकुनी, कोलकाता लिखा हुआ है। जीटी रोड के रास्ते कोलकाता से बिहार और यूपी प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली की तस्करी वर्षों से जीटी रोड पर सक्रिय तस्करों के गिरोह द्वारा वर्षो से संचालित किया जाता रहा है। हालांकि समय-समय पर पुलिस द्वारा मछली लदे ट्रकों को पकड़ कर कार्रवाई की जाती है। परंतु इसके बावजूद इस रास्ते प्रतिबंधित मछली की तस्करी बदस्तूर जारी है। अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच पुलिस ने प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली लदे 6 ट्रकों को पकड़ कर लगभग एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर चुकी है। बावजूद इसके इस धंधे में लगे लोग प्रतिबंधित मछली की तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस संबंध में पूछे जाने एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि मछली लदे एक वाहन को पकड़ा गया है।उसकी जांच की जा रही है। वहीं थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने बताया कि मछली की जांच के लिये मत्स्य विभाग को सूचना दी गयी है। जांच में पुष्टि होने पर मामला दर्ज किया जाएगा। इधर झामुमो युवा नेता सह डुमरी विधान सभा प्रभारी अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो ने जीटी रोड पर ऐसे गोरखधंधों पर पुलिस से अविलंब रोक लगाने की मांग की है।

# संक्षिप्त समाचार

## स्थापना दिवस समारोह को लेकर कार्यक्रम



**रिपब्लिक नेशन। निरसा।** झारखंड राज्य के स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बीएसके कॉलेज मैथन में एनएसएस के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की सृजनात्मकता व अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई। निर्णायक मंडल में निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए प्रो हरीश सिंह मुंडा एवं प्रो उज्ज्वल कुमार, चित्रकला के प्रो मनीला समद, डॉ शुभदीप दास शामिल थे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की रचनाओं की सराहना की। कहा कि आयोजन विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सृजनशीलता और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देते हैं। मौके पर प्रो भोला प्रसाद, प्रो निशांत केतु, प्रो पी रेबेका, प्रो महावीर दास, प्रो संध्या गुप्ता, तरूण कुमार, रौशन मिश्रा, शक्ति कुमार थे। संचाल कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीतिशा खलखो के नेतृत्व में हुआ। जिन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक पहचान और गौरव को भी सशक्त बनाते हैं। पोस्टर प्रदर्शनी भी हुआ। जो झारखंड के आंदोलन, प्रमुख साहित्यकार और उनके कविताओं से सजे हुए थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ डी पी सिंह ने प्रतिभागियों को बधाई दी। कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व और सांस्कृतिक चेतना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

स्वयंसेवकों में अन्नू, कृष्णा, शिवम, नीरज, सत्यम, शमीम, हिमांशु आदि की भूमिका अहम रही।

## महिलाओं को कराया गया गृह प्रवेश



**रिपब्लिक नेशन। निरसा।** झारखंड सरकार के सहयोग से मेढ़ा ग्राम बने अबुआ आवास में बुधवार को गृह प्रवेश कार्यक्रम हुआ। घर की चाबी सौंपी गई। चाबी मिलते ही महिलाओं के चेहरे खिल उठे। विधायक अरुप चटर्जी ने फीता काटकर गृह प्रवेश कार्यक्रम का उद्घाटन किया। 11 महिलाओं को गृह प्रवेश कराया गया और उन्हें घर की चाबी सौंपी गई। विधायक ने कहा कि महिलाओं की घर का सपना आज साकार हुआ है। अबुआ आवास मिलने से जरूरतमंद महिलाओं को काफी मदद मिली है। राज्य सरकार इसके लिए बधाई के पात्र है। एग्यारकुंड प्रखंड की बीडीओ मधु कुमारी, मुखिया मनोज राउत मौजूद थे। मेढ़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र में 110 अबुआ आवास बनाया जा रहा है। राज्य सरकार के 25 वें स्थापना दिवस पर महिलाओं का गृह प्रवेश काफी सुखद रहा मौके पर विनय किशोर, मोइना बाउडरी, सिविल बाउरी, सुखमय दावेदार, विधान चंद्र मंडल, बादल तंतुबाई सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गोमिया में नुक्कड़ नाटक के जरिए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई



**गोमिया/रिपब्लिक नेशन।** झारखंड राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में रजत जयंती पर्व बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को गोमिया प्रखंड कार्यालय परिसर में बोकारो से आए संस्था के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक के माध्यम से कलाकारों ने आम जनता को झारखंड सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं — जैसे मनरेगा, जल जीवन मिशन, जेएसएलपीएस, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना आदि के बारे में जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य गांव-गांव जाकर लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत कराना है ताकि हर वर्ग को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक जन जागरूकता का सबसे सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए लोग आसानी से सरकारी योजनाओं की जानकारी समझ पाते हैं। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## सोलर प्लांट का निर्माण शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में जारी

**रिपब्लिक नेशन निरसा।** डीवीसी प्रबंधन ने बताया कि पंचेत जीरो प्वाइंट में सौर ऊर्जा प्लांट सबस्टेशन का निर्माण कार्य शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्थानीय मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के सहयोग से हो रहा है। डीवीसी प्रारंभिक चरण में स्थानीय लोगों की अधिकतम भागीदारी को प्राथमिकता दे रहा है। इससे रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के साथ विश्वास व सहयोग का वातावरण बन रहा है। डीवीसी ने सौर प्लांट के निर्माण की प्रगति के लिए रोडमैप का विवरण प्रस्तुत किया, जो परियोजना के ऊर्जाकृत होने और देश के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बताया कि प्रस्तावित सौर ऊर्जा परियोजना में जलाशय तट पर स्थित श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग और स्थानीय कब्रिस्तान की पहुंच में सुधार भी शामिल है। यह परियोजना स्थानीय निवासियों के लिए निर्माण चरण में रोजगार उपलब्ध कराएगी। दीर्घकालिक रुप से पर्यटन विकास से जुड़ी आजीविका के अवसर भी सुनिश्चित करेगी। विशेष रूप से, स्थानीय परंपराओं और पारंपरिक दाह संस्कार स्थलों तक पहुंच यथावत बनी रहेगी। स्थानीय रीति- रिवाजों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मौके पर धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक

सोनाली प्रसाद, महाप्रबंधक

सुमेश कुमार, डीजीएम

महताब आलम, नौशाद हसनैन, वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक सुरेश सिंह आदि थे।

# आदित्य साहू प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, बीजेपी ,झारखंड हजारीबाग में प्रेस को संबोधित किया

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती,भाजपा ,जनजातीए गौरव दिवस के रूप में मनाएगी-आदित्य साहू।

रिपब्लिक नेशन

**हजारीबाग।** दिनांक-12/15/2025, को हजारीबाग परिषद सदन भवन स्थित सभा कक्ष में, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, बीजेपी, झारखंड ,आदित्य साहू ने प्रेस को संबोधित किया ।जिसमें उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में भगवान बिरसा मुंडा के जयंती को जनजातीए गौरव दिवस के रूप में मनाएगी। 14 नवंबर को झारखंड स्थित सभी शहीदों की प्रतिमा स्थल की साफ सफाई करेंगे एवं 15 नवंबर को भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पदयात्रा निकाली जाएगी। पहले की जितनी भी सरकारें थी। आदिवासियों को लुभावना भाषण एवं प्रलोभन देकर उनसे वोट लेते रही ।भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है ,जिसने आदिवासियों के विकास एवं कल्याण के लिए अनेक कार्य किया ।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की देश के श्रद्धेय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था कि आप मुझे सांसद दो, मैं अलग झारखंड राज्य दूंगा जो उन्होंने कर दिखाया ।वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा आदिवासी के विकास के लिए एकलव्य विद्यालयों की संख्या 214 से बढ़ाकर 700 के लगभग कर दी है । जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ने अलग से 63 हजार करोड़ की राशि आवंटन की है। आजादी के बाद देश का पहला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातु जाकर धरती को नमन कर मिट्टी का तिलक लगाते हुए बिरसा मुंडा के परिवार जनों से मिला और सभी सुविधाएं देने का काम किया जो आज तक किसी सरकार ने नहीं दिया।आज उलीहातु गांव की दिशा और दशा देखने के लायक है। भाजपा जनजाति समाज के साथ-साथ सभी समाज के लोगों की विकास की बात करता है।सबका साथ ,सबका विकास के आधार पर प्रधानमंत्री जी कार्य कर रहे हैं। आगे इन्होंने कहा की कुछ महिनो के बाद सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने तक के राशि नहीं रहेंगे ।प्रेस वार्ता में सांसद मनीष जायसवाल ,बरही विधायक बरही विधायक मनोज यादव ,हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ,बरकट्ठा विधायक अमित यादव, सिमरिया विधायक उज्जवल दास , मांडू विधायक तिवारी महतो एवं जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,अमरदीप यादव, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा व प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, अशोक यादव उपस्थित थे।




## आस्था : राणी सती मंदिर में मंगसीर नवमी महोत्सव के प्रथम दिन भव्य मंगल पाठ का हुआ आयोजन

- **जय दादी के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर**
- **भजन गायक कृष्णा यदुवंशी ने दादी भक्तों को किया भावविभोर**

रिपब्लिक नेशन।

हजारीबागःशहर के मालवीय मार्ग स्थित श्री राणी सती मंदिर परिसर में मंगसीर नवमी महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को भव्य मंगल पाठ के साथ हुआ। दो दिवसीय इस महोत्सव के प्रथम दिन मंदिर परिसर दादी के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी परिधान में श्रद्धा-भाव के साथ दादी जी का मंगल पाठ किया । मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मंगल पाठ की शुरुआत करवाई। कार्यक्रम में कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक कृष्णा यदुवंशी ने राणी सती दादी के जन्म से लेकर विदाई तक की भक्ति कथा को सुरों में प्रस्तुत किया। चालो जी चालोङ्ग झुंझुनू से संदेश आयो हैङ्ग,जय जय दादी की जैसे भजनों पर दीदी भक्त झूम उठे। वातावरण में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम दिखाई दिया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक और भव्य रूप से सजाया गया था। पुष्पों, झालरों और रोशनियों से पूरा परिसर आलोकित हो उठा। श्री राणी सती मंदिर कमेटी की ओर से भजन गायक कृष्णा यदुवंशी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मंगल पाठ के दौरान महिलाओं ने दादी जी के जीवन से जुड़े विविध उत्सवों जन्मोत्सव बधाई, चूड़ी उत्सव, हल्दी उत्सव, सिंदूर उत्सव, मेहंदी उत्सव और चुनरी उत्सव का आयोजन किया। दादी जी के जन्म के समय टॉफी का वितरण किया गया, जबकि विदाई के समय मेंहदी और सुहाग सामग्री का वितरण हुआ। पाठ के दौरान पूरे परिसर में जय दादी की के जयघोष गूंजते रहे। अंत में दादी जी की भव्य आरती के साथ मंगल पाठ का समापन किया गया और उपस्थित सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि दादी जी की कृपा से मंगसीर नवमी महोत्सव का प्रथम दिन ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को प्रातः पूजा-अर्चना के बाद शाम छह बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 13 सुहागन महिलाओं द्वारा महाआरती की जाएगी, जिसके साथ दो दिवसीय भव्य महोत्सव का समापन होगा।



## दहेज हत्या में पति को पुलिस ने भेजा जेल

**टाटीझरिया/रिपब्लिक नेशन।** टाटीझरिया पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए विवाहिता के पति को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामला गत सोमवार का है जब टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो गांव में विवाहिता अंजली कुमारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। मृतका अंजली कुमारी के पिता, जो दारू के हरली निवासी अवधेश कुमार हैं, ने इस संबंध में टाटीझरिया थाने में एक लिखित आवेदन दिया था। अवधेश कुमार ने अपनी बेटी की मौत को दहेज हत्या बताते हुए पति अजय कुमार, ससुर गंभीर महतो, सास बलिया देवी, भैंसुर आशीष कुमार, गोतनी पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। टाटीझरिया पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने मृतका के पति अजय कुमार (पिता गंभीर महतो) को विधिवत गिरफ्तार कर थाना कांड संख्या 49/25 के तहत धारा- 80(2)/238(सी)/3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## विष्णुगढ़ में झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती पर छात्राओं ने किया स्ट्रीट डांस प्रदर्शन

**विष्णुगढ़ /रिपब्लिक नेशन।** झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन बुधवार को विष्णुगढ़ प्रखण्ड में उत्सवपूर्ण माहौल देखने को मिला। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अखिलेश कुमार के नेतृत्व में पल्स टू उच्च विद्यालय, विष्णुगढ़ की छात्राओं द्वारा झारखंडी पारंपरिक धुनों पर स्ट्रीट डांस का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में छात्राओं ने झारखंड की समृद्ध संस्कृति, लोकपरंपरा और 25 वर्षों की विकास यात्रा को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनके चेहरों की मुस्कान और जोश ने यह संदेश दिया कि ''हमारा झारखंड निरंतर विकास और प्रगति की ओर अग्रसर है।'' इसी अवसर पर प्रखण्ड क्षेत्र के सभी 24 पंचायतों में अबुआ आवास/प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 250 लाभुकों को गृहप्रवेश कराया गया। बीडीओ अखिलेश कुमार ने लाभुकों को आवास की चाभी सौंपी और कहा ''प्रखण्ड की जनता को झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती की हार्दिक बधाई। आज के दिन 250 गरीब परिवारों को पक्के मकान सौंपे गए हैं। यह हमारे झारखंड के विकास की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।'' कार्यक्रम में प्रमुख जनप्रतिनिधियों में प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल, नागेश्वर महतो, जिप सदस्य शेख तैयब, मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो, तथा मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। समारोह में प्राचार्य फणीश्वरनाथ महतो, मुकेश कुमार, राज कुमार, रामचंद्र यादव, पूनम कुमारी दास, बहराम हांसदा, कुंवर हांसदा समेत अनेक गणमान्य अतिथि और प्रखण्ड कर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन झारखंडी लोकसंगीत की धुनों और ''हमर झारखंड, हमर गौरव'' के नारों के साथ हुआ।



## विष्णुगढ़ प्रखंड के 24 पंचायतों में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

### शिविर की तिथियां घोषित, 18 नवंबर से होगा आगाज़

रिपब्लिक नेशन।

विष्णुगढ़ः मुख्य सचिव, झारखंड सरकार के निर्देश और उपायुक्त हजारीबाग के मार्गदर्शन में विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इन शिविरों का उद्देश्य राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजनों तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इसके तहत भेलवारा पंचायत भवन में 18 नवंबर 2025, गोबिंदपुर पंचायत भवन में 19 नवंबर 2025, कुसुम्भा पंचायत भवन में 20 नवंबर 2025, नवादा पंचायत भवन में 21 नवंबर 2025,बक्शपुरा पंचायत भवन में 22 नवम्बर 2025, बनासो पंचायत भवन में 24 नवम्बर 2025, नागी पंचायत भवन में 25 नवम्बर 2025, चानो पंचायत भवन में 26 नवम्बर 2025,खरकी पंचयात भवन में 27 नवम्बर 2025,नरकी पंचयात भवन में 28 नवम्बर 2025, गलहोबार पंचायत भवन में 29 नवम्बर 2025,और जोबर पंचयात भवन में 1 दिसम्बर 2025,मडमो पंचयात भवन में 2 दिसम्बर 2025, अचलजामु पंचयात भवन में 3 दिसम्बर 2025, सिरय पंचयात भवन में 4 दिसम्बर 2025, करगलो पंचयात भवन में 5 दिसम्बर 2025, सारुकुदर पंचयात भवन में 6 दिसम्बर 2025, बराय पंचयात भवन में 8 दिसम्बर 2025, अलपीटो पंचयात भवन में 9 दिसम्बर 2025,गेड़ा पंचयात भवन में 10 दिसम्बर 2025,खरना पंचयात भवन में 11 दिसम्बर 2025, विष्णुगढ़ पंचयात भवन में 12 दिसम्बर 2025, चेड़रा पंचयात भवन में 13 दिसम्बर 2025, बेडाहरिहरा पंचयात भवन में 15 दिसम्बर 2025 को शिविर आयोजित होगी। शिविर में सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से पहुंचने का निर्देश दिया गया है। राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि कार्यक्रम में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग इन सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। शिविरों में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए जाएंगे। यहां आमजन अपनी समस्याओं को रख सकेंगे और विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन कर तत्काल लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## बी.एम. मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने गांव में जाकर किया सर्वे

### सर्वेक्षण कार्यक्रम से बच्चों में बढ़ता है आत्मविश्वास - ऋषभ अग्रवाल



रिपब्लिक नेशन।

बड़कागांव - बड़कागांव प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बी. एम. मेमोरियल स्कूल में कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं को इकोनॉमिक्स (अर्थशास्त्र) में सर्वेक्षण विषय के ऊपर प्रैक्टिकल कर बच्चों को सीखने के उद्देश्य से विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा के नेतृत्व में प्रखंड के लंगातू गांव में बच्चों ने ग्रुप बनाकर सभी घरों में जा जाकर सर्वेक्षण किया। उक्त सर्वेक्षण कार्यक्रम में अर्थशास्त्र के शिक्षक ऋषभ अग्रवाल बच्चों के साथ मौजूद रहे। जिसमें बच्चों ने घर में कितनी जनसंख्या है,कितने लोग काम करने वाले हैं, कितने लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है, कितने लोग पढ़े लिखे हैं, आपके गांव में क्या-क्या समस्या है सहित अन्य बिंदुओं पर बच्चों ने गांव वालों से बात कर एक रिपोर्ट तैयार किया। गांव के सभी ग्रामीणों ने बड़े उत्सुकता के साथ बच्चों के हर सवाल का जवाब दिया साथ ही साथ ग्रामीणों ने बी.एम. मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक एवं शिक्षकों को इस प्रकार से बच्चों को प्रैक्टिकल करवा कर पढ़ने के लिए धन्यवाद दिया है। इस संबंध में विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने कहा कि इस तरह के संरक्षण कार्यक्रम करवाने से बच्चों के अंदर छिपे आत्मविश्वास को बाहर निकाला जा सकता है। और उनका आत्मविश्वास बड़ता है।आगे उन्होंने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है कि बड़कागांव ग्रामीण बच्चों को शहर के जैसे शिक्षा प्राप्त करना।
वही विद्यालय के अर्थशास्त्र के शिक्षक ऋषभ अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को सर्वेक्षण करा कर पढ़ना से उनको ज्यादा याद रहता है एवं समझ में आता है।साथ ही साथ ऐसे सर्वेक्षण कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। हमारा कोशिश रहता है कि बच्चों को मौखिक के साथ-साथ प्रैक्टिकल करवा कर भी पढाया जाए ताकि बच्चे परीक्षा के लिए हर रूप से तैयार हो सके। मौके पर मुख्य रूप से प्रिंस कुमार, समृद्धि कुमारी, रिद्धिमा कुमारी, रिद्धि कुमारी, जतिन राज, आयुष कुमार, लक्ष्य कुमार अंजलि जायसवाल, स्वाति कुमारी, आर्यन जयसवाल, देव राज, डोली कुमारी,जिया कुमारी, दिव्या कुमारी, शिवानी कुमारी, सत्यम कुमार, अंश कुमार, रिशु कुमार शाहिद कक्षा 9 के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सरदार पटेल के 150 वीं जयंती पर 17 नवंबर को हजारीबाग मे विश्वविद्यालय से निकलेगी पद यात्रा

### 18 नवंबर बरही और 20 नवंबर को रामगढ़ में निकाली जाएगी पदयात्राः सांसद मनीष जायसवाल

रिपोर्ट-रिपब्लिक नेशन

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा है कि सरदार पटेल के 150 वीं जयंती पर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय,भारत के माध्यम से विकसित माई भारत पदयात्राएँ आयोजित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। हजारीबाग जिला मुख्यालय में 17 नवंबर को और बरही में 18 नवंबर 26 नवंबर को रामगढ़ में पदयात्रा आयोजित है। 17 नवंबर को विनोबा भावे विश्वविद्यालय से यह पदयात्रा की शुरुआत होगी। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा राष्ट्रीय सेवा योजना एनसीसी और समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे। हजारीबाग सांसद बुधवार को जिला परिसदन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते है। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सांसद ने कहा कि इससे डिजिटल चरण की शुरुआत होगी। 6 अक्टूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ माई भारत पोर्टल पर किया। इस चरण में सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और लीडर प्रोग्राम शामिल हैं। इस दौरान सरदार 150 यंग लीडर्स प्रोग्राम के 150 विजेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का मौका मिलेगा अभियान के तहत हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में तीन दिन तक 8-10 किमी लंबी पदयात्रा होगी। पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में माहौल बनाने के लिए स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री-ईवेंट गतिविधियां, जैसे कि निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाए जाएंगे।इस दौरान योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन होगा। पद यात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा चित्र पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रमाण-पत्र वितरण होगा। सांसद, स्थानीय प्रशासन, माई भारत, एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी इन यात्राओं का नेतृत्व करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में बरही विधायक मनोज यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, मांडू विधायक तिवारी महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी उपस्थित थे।




## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान

**हज़ारीबाग/रिपब्लिक नेशन।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में आज सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन में विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया थाना क्षेत्र में सघन छापामारी अभियान चलाया गया।



इस दौरान विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत खरकट्टो ग्राम स्थित दिनेश यादव के घर सह दुकान में छापेमारी कर 8.64 लीटर विदेशी शराब तथा 23.4 लीटर बियर बरामद की गई। वहीं टाटीझरिया थाना क्षेत्र के गिरिधारी साव के होटल एवं नेशनल हाईवे किनारे संचालित होटल शीतल, होटल यादव जी, संध्या होटल तथा सन्नी लाइन होटल में भी छापामारी की गई, जहाँ से 35 लीटर महुआ शराब बरामद हुई ।सभी मामलों में संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज करते हुए उन्हें फरार अभियुक्त घोषित किया गया है।
यह छापामारी अभियान अवर निरीक्षक (उत्पाद) कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक (उत्पाद) भुनेश्वर नायक तथा प्रतिनियुक्त गृह रक्षकों की टीम द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया ।सहायक आयुक्त उत्पाद ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे ऐसे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना प्रशासन को तुरंत उपलब्ध कराएँ ताकि जिले में नशामुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

### प्रखंड में पीएम आवास एवं अबुआ आवास का गृह प्रवेश एवं स्वीकृति पत्र दी गई

- **गृह प्रवेश में लाभुक को चाबी देते बीडीओ**



**बड़कागांव /रिपब्लिक नेशन।** झारखंड राज्य की 25वीं स्थापना दिवस रजत जयंती के अवसर पर बड़का गांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में बड़कागांव में प्रधानमंत्री एवं अबुआ आवास से संबंधित कई महत्वपूर्ण विशेष विशेष कार्य किए गए। बीडीओ ने प्रखंड में कुल 66 प्रधानमंत्री आवास लाभुकों को गृह प्रवेश कराया एवं आवास की चाबी दी गई। वही 145 लाभुको को स्वीकृति पत्र भी दिया गया। इसके अलावा 201 अबुआ आवास लाभुकों को चाबी देकर गृह प्रवेश कराया गया वही 243 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दी गई।
बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने 10 पीएम आवास एवं 10 अबुआ आवास का फीता काटकर गृह प्रवेश कराया। वहीं बड़कागांव मध्य पंचायत में मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह के द्वारा भी अबुआ आवास के लाभुकों को फीता काटकर गृह प्रवेश कराया गया। साथ ही लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित मुखिया रंजीत कुमार, मुखिया मो तकरीमुल्लाह, आवास कोऑर्डिनेटर विकाश कुमार, बीपीओ हीरो महतो, अरुण पासवान, पंचायत सचिव मोहम्मद हकीम मियां, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, रोजगार सेवक दीपक प्रजापति, पवन पांडेय इत्यादि लोग उपस्थित है।

### बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में 20 पीएम आवास एवं अबुआ आवास का गृह प्रवेश किया गया

- **मुखिया रंजीत कुमार के द्वारा लाभुक पुरनी देवी को आवास का चाबी देते हुए**

**बड़कागांव /रिपब्लिक नेशन।** पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में 20 से 25 पीएम आवास एवं अबुआ आवास का गृह प्रवेश किया गया और लाभुकों के घर का चाबी घर में जाकर लाभुकों को देकर स्वागत किया गया। रंजीत कुमार ने कहा और जितने भी बच्चे हुए हैं वह भी लाभुको लोग जल्द से जल्द घर को निर्माण करें ताकि जो भी बच्चे हुए हैं । उसके ऊपर कार्य किया जाए मौके पर उपस्थित मुखिया रंजीत कुमार उप मुखिया सत्यदेव कुमार रोजगार सेवक दीपक प्रजापति लाभुक पुरनी देवी इत्यादि लोग उपस्थित है।



### विभावि राजनीति विज्ञान विभाग में आयोजित हुआ निबंध प्रतियोगिता



**रिपोर्ट-रिपब्लिक नेशन/हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस कार्यक्रमों के अंतर्गत 12 नवंबर को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन उच्च शिक्षा निदेशक सुधीर बाडा के पत्र के आलोक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा जारी किए गए पत्र के आलोक में किया गया।
निबंध का विषय था झारखंड राज्य के 25 वर्षः उपलब्धियां एवं चुनौतियां₹। इस प्रतियोगिता में विभाग के 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निबंध लेखन के लिए विद्यार्थियों को 45 मिनट का समय दिया गया था। इसमें प्रथम स्थान के लिए पिंटू रजक द्वितीय स्थान के लिए प्राच्य आर्य तथा तृतीय स्थान के लिए सुप्रीति भारती के निबंधों का चयन निर्णायक मंडली के द्वारा किया गया।
आगामी इसी कड़ी में शुक्रवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसका विषय हैः ₹अपने 25 वर्षों में झारखंड ने एक प्रगतिशील राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है।₹ इसमें 10 वक्ता विषय के पक्ष में और 10 वक्ता विषय के विपक्ष में प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# "अबुवा आवास योजना" के तहत लाभुकों का गृह प्रवेश, स्थापना दिवस पर ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी झलकी

रिपब्लिक नेशन।

**संवाददाता/जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में झारखंड राज्य के गौरवपूर्ण 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर कई जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बुधवार को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "अबुवा आवास" के तहत लाभुकों का गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक अपने नए घर में प्रवेश कराने की पहल की गई।मदनाडीह पंचायत में कुल 11 लाभुकों का तथा पबिया पंचायत में 5 लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर लाभुक परिवारों के चेहरे पर अपार खुशी झलक रही थी। नए घर की चाबी पाकर सभी ने राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। बताया गया कि झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई "अबुवा आवास योजना" का उद्देश्य प्रत्येक बेघर परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना है ताकि वे सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें।गृह



प्रवेश कार्यक्रम के दौरान पंचायत परिसर में एक छोटा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत कर्मियों ने लाभुकों को उनके नए घर की शुभकामनाएँ दीं। मौके पर पंचायत के मुखिया मनोरथ मरांडी, पूर्व उपमुखिया जल सिंह बेसरा, पंचायत सचिव प्रदीप भट्टाचार्य, स्वयंसेवक कांचन मंडल, रोजगार सेवक हैदर,शुभम साधु,वार्ड सदस्यगण तथा अन्य पंचायत कर्मी उपस्थित थे। सभी ने संयुक्त रूप से सरकार की इस योजना को ग्रामीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।मुखिया मनोरथ मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आवास, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अबुवा आवास योजना उसी दिशा में एक सशक्त पहल है, जिससे हर गरीब परिवार का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वे अपने घरों की देखभाल करें और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।कार्यक्रम के अंत में सभी लाभुकों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा सामूहिक रूप से गृह प्रवेश की औपचारिकता पूरी की गई। स्थापना दिवस के इस शुभ अवसर पर ग्रामीणों में उल्लास और गर्व का माहौल देखने को मिला। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने का प्रयास जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

## केलाही काली मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन, स्वामी हसानंद गिरी जी के प्रवचनों से भक्ति और अध्यात्म का प्रवाह।



**संवाददाता/जामताड़ा /रिपब्लिक नेशन।** केलाही काली मंदिर प्रांगण में जारी सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में भक्ति, ज्ञान और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। कथा वाचक वृंदावन से पधारे परम पूज्य स्वामी हसानंद गिरी जी महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा का अमृत रस पान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा स्थल पर प्रतिदिन भक्तों की उपस्थिति से वातावरण पूर्ण रूप से भक्ति मय बना हुआ है।मंगलवार को कथा के तीसरे दिन स्वामी हसानंद गिरी जी महाराज ने राजा परीक्षित और ऋषि शुकदेव जी महाराज के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को पापों से मुक्त करता है और मोक्ष का मार्ग दिखाता है। कथा श्रवण से पहले आसन, श्वास और मन को स्थिर करना आवश्यक बताया गया, ताकि भगवान की कथा को पूर्ण श्रद्धा और एकाग्रता से सुना जा सके।महाराज जी ने भक्त विदुर और विदुरानी की भक्ति भावना का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नारद जी के कहने पर ब्रह्मा जी ने मनु और शतरूपा के माध्यम से सृष्टि की रचना की। इसके बाद भक्त ध्रुव और सुनिधि की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रद्धा, विश्वास और सच्चे मन से की गई साधना से भगवान की कृपा अवश्य प्राप्त होती है।उन्होंने कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है, क्योंकि गुरु ही वह दीपक हैं जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाते हैं। इसलिए हर मनुष्य को गुरु दीक्षा लेना आवश्यक है। अंत में स्वामी जी ने कहा कि कलयुग में भगवान का नाम ही सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" तथा "हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे" महामंत्र के जप का आग्रह किया।कथा के दौरान उपस्थित भक्तजन भजन और कीर्तन में झूम उठे। पूरा वातावरण "जय श्री कृष्ण", राधे राधे के जयकारों से गूंज उठा। जिससे श्रद्धा और भक्ति का प्रवाह निरंतर बना हुआ है।

## समाहरणालय भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन – उपायुक्त ने स्वयं रक्तदान कर दिया प्रेरक संदेश

**रिपब्लिक नेशन/हजारीबाग।** जिला प्रशासन, हजारीबाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज समाहरणालय भवन के ग्राउंड फ्लोर पर रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड की पहल पर जिले में चल रहे रक्तदान अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने स्वयं रक्तदान कर समाज के प्रति प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि –
"रक्तदान महादान है, यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि हमारे द्वारा दिया गया एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन की आशा बन सकता है।"
रक्तदान शिविर में समाहरणालय परिसर में कार्यरत विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में रक्तदान किया।
उपायुक्त ने जिलेवासियों से भी अपील की कि वे आगे आकर रक्तदान शिविरों में हिस्सा लें और जरूरतमंदों के लिए जीवनदान का संकल्प लें।
कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग की टीम, तथा रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।
"आपका एक यूनिट रक्त, किसी की पूरे जीवन की उम्मीद बन सकता है।"

## खुटरा में एकता फुटबॉल टुर्नामेन्ट का ग्रैण्ड फिनाले

- **खिलाड़ी खेल के माध्यम से झारखंड का नाम ऊँचा करें : मुन्ना सिंह**



**रिपोर्ट-रिपब्लिक नेशन/हजारीबाग।** खुटरा पंचायत स्थित ग्रीन पार्क स्टेडियम में बुधवार को आयोजित एकता फुटबॉल टूर्नामेंट का ग्रैंड फिनाले बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।


मुन्ना सिंह खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि "युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास सीखना चाहिए। ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को निखारते हैं और उन्हें राज्य व देश का नाम रोशन करने का अवसर देते हैं।" उन्होंने खिलाड़ियों से आ''ान किया कि वे खेल के माध्यम से झारखंड का नाम ऊँचा करें।
इस अवसर पर झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह ख़ान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि "खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह युवाओं में टीम भावना, अनुशासन और सामाजिक एकता को सशक्त करने का माध्यम है।" उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आसिफ मोहम्मद भी उपस्थित रहे, जबकि मंच संचालन गुडु द्वारा किया गया। सफल आयोजन के लिए मुख्य आयोजक मो. मासूम प्रवेज और उनकी टीम की सराहना की गई। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबला हजारीबाग बुल्स इलेवन और रामगढ़ टीम के बीच खेला गया। विजेता टीम को 1,00,000 तथा उपविजेता टीम को 50,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## कुलपति के आदेश से मिथिला विश्वविद्यालय के चार कॉलेजों में पांच एनएसएस पदाधिकारियों की समन्वयक द्वारा की गई नियुक्ति

- **नियुक्त पदाधिकारियों एवं में डॉ सुधांशु कुमार, डॉ अशोक रंजन, डॉ सुजीत कुमार, डॉ रिंकी कुमारी तथा डॉ प्रेम कुमारी के नाम शामिल**

रिपब्लिक नेशन।

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के आदेश से एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया के द्वारा चार कॉलेजों में पांच कार्यक्रम पदाधिकारियों की नियुक्ति 3 वर्षों के लिए की गई है, जिनमें विमेन्स कॉलेज, समस्तीपुर में अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ रिंकी कुमारी, जीकेपीडी कॉलेज, कर्पूरीग्राम, समस्तीपुर में इकाई-2 के लिए संगीत विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ प्रेम



कुमारी, आरके कॉलेज, मधुबनी में इकाई-1 के लिए मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुधांशु कुमार राय एवं इकाई-2 के लिए भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अशोक रंजन तथा एमएलएसएम कॉलेज, दरभंगा के इकाई-1 के लिए अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुजीत कुमार साफी के नाम शामिल हैं। ये नियुक्तियां संबंधित कॉलेजों के प्रधानाचार्यों द्वारा भेजे गये आवेदित शिक्षकों में से की गई है।
एनएसएस के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया ने बताया कि नियुक्त कार्यक्रम पदाधिकारियों के नियुक्ति पत्र मेल एवं व्हाट्सएप द्वारा संबंधित कॉलेजों एवं पदाधिकारियों को भेज दिए गए हैं, जिसे योगदान प्रतिवेदन 15 दिनों के अंदर मांगा गया है।

## झारखंड रजत पर्व के उपलक्ष्य में पंचायतवार हुए विविध कार्यक्रम



**टाटीझरिया(हजारीबाग)/रिपब्लिक नेशन।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत मुख्यालय में संकल्प सभा किया गया। जिसमें मुखिया,पंचायत सचिव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपस्थित जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने अबुआ आवास योजना और पीएम आवास योजना के कुल 125 आवासों का गृहप्रवेश करवाया गया। संकल्प सभा में आवास से संबंधित पूरी जानकारी लाभुकों को दी गई। बताया गया कि वे किस प्रकार आवास का निर्माण करेंगे,कितने चरण की फोटोग्राफी की जाएगी और उसके बाद उन्हें पैसे दिए जाने हैं। लंबित आवासों को पूरा करने को प्रेरित किया गया। विभिन्न पंचायतों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करवाया गया।जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रमुख संतोष मंडल, टाटीझरिया में मुखिया सुरेश यादव, डहरभंगा में रेखा देवी, भराजो में स्वस्तिका कुमारी, झरपों में शिबू सोनी,खैरा में कुमारी माधुरी,धरमपुर में कांति देवी ,डूमर में ममता कुमारी,बेदम में सुमित्रा देवी,आवास कॉर्डिनेटर रिंकू कुमार,परमेश्वर प्रसाद यादव समेत सभी पंचायत सेवक अपने अपने पंचायत में सक्रिय दिखे।

## पुलिस ने मोबाइल छिनतई कांड का किया खुलासा

- **दो अपराधी गिरफ्तार, मोबाइल और बुलेट बरामद**

रिपब्लिक नेशन।

हजारीबागःदारू थाना क्षेत्र के कांड संख्या-113/25, धारा 304(2)/34 बीएनएस) में दर्ज मोबाइल छिनतई मामले का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना को एक ही दिन में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस कांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से छिना गया ओप्पो मोबाइल फोन और क्लासिक बुलेट 350 मोटरसाइकिल बरामद की है, जिसका इस्तेमाल अपराध के दौरान किया गया था। पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देश पर दारू अंचल पुलिस निरीक्षक जगलाल मुंडा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को धर दबोचा। दारू थाना प्रभारी इकबाल



हुसैन ने कहा कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह चौकन्नी है और अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
वहीं पुलिस निरीक्षक जगलाल मुंडा ने कहा कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा, क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।गिरफ्तार अभियुक्त में गौतम कुमार उर्फ पोलु (21 वर्ष) पिता स्व. राजेन्द्र साव कसेरा उर्फ महाराज साव, स्थायी पता कसेरा मोहल्ला, थाना विष्णुगढ़, वर्तमान पता मोक्तमा, थाना ईचाक, जिला हजारीबाग, सनी कुमार (22 वर्ष) पिता मनोज साव उर्फ डोमन साव पता करियातपुर, थाना ईचाक, जिला हजारीबाग के हैं। बरामदगी में ओप्पो मोबाइल फोन 01, क्लासिक बुलेट 350 मोटरसाइकिल 01 है। छापामारी दल में पुनि जगलाल मुण्डा (दारू अंचल),दारू थाना प्रभारी ईकबाल हुसैन, पुअनि मदन मुण्डा, पुअनि मिथु मुर्मू,सअनि फुलजेम्स खाखा,हवलदार मोतीलाल महतो, आरक्षी बालेश्वर यादव, सौरभ कुमार, रविन्द्र देव, चालक रामकृष्णा सिंह शामिल थे।

## उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित

- **जिले की सभी दवा दुकानों में योजनाबद्ध तरीके से सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश**



**दुमका/रिपब्लिक नेशन।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति (एनकॉर्ड) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण तथा नशाझमुक्त समाज की दिशा में कार्ययोजना तैयार की गई।
बैठक के दौरान सामान्य शाखा प्रभारी ने एनकॉर्ड की पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में किए गए कार्यों की जानकारी दी।
उपायुक्त ने कहा कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और युवाओं को नशे की लत से दूर रखने हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिया कि जिले के सभी दवा दुकानों में योजनाबद्ध तरीके से सघन जांच अभियान चलाया जाए तथा उन दवाओं पर विशेष निगरानी रखी जाए जिनका दुरुपयोग नशे के रूप में किया जा सकता है। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए नशामुक्त दुमका बनाने का आहवान किया। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पुलिस विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की राजस्व विभाग की समीक्षात्मक बैठक, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित

रिपब्लिक नेशन।

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीजी पोर्टल, भू-मापी मामले, म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, सो-मोटो म्यूटेशन, ई-रिवेन्यू कोर्ट, आरसीएमएस ऑनलाइन रिपोर्ट, ऑनलाइन लगान केस, परिशोधन पोर्टल एवं जमाबंदी रद्द करने से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई.उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जनता दरबार में आए भू अर्जन से संबंधित आवेदनों का निष्पादन में तेजी लाने एवं ई रेवेन्यू को कार्यात्मक बनाने का निर्देश दिया। पीजी पोर्टल पर लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन




करने का निर्देश दिया गया। भू-मापी से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए 90 दिनों से अधिक लंबित मामलों का त्वरित समाधान करने पर बल दिया गया। हाई कोर्ट से जुड़ी मामलों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया.उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में प्राप्त राजस्व एवं भू-अर्जन से संबंधित शिकायतों की समीक्षा कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सभी प्रकार के म्यूटेशन में प्रगति बढ़ाने, परिशोधन मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने, ई-रिवेन्यू कोर्ट में दायर एवं निष्पादित वादों की गहन समीक्षा कर लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने और जमाबंदी रद्द करने के मामले में प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण से संबंधित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अतिक्रमण न हो इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही, "सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम की तैयारी पर जोर देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के अधिकाधिक प्रमाणपत्र जनरेट कराने के लिए अभी से ही स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए।बैठक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के साथ अपर समाहर्ता, भू-अर्जन पदाधिकारी, बरही एसडीओ, बरही डीसीएलआर, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लखीसराय: शिक्षा महाघोटाला की निष्पक्ष जांच पर माननीय पटना उच्च न्यायालय की टिप्पणी स्वागतयोग्य

रिपब्लिक नेशन।

**लखीसराय।** जिले के विद्वान अधिवक्ता सह भाकपा जिला परिषद मीडिया प्रमुख रजनीश कुमार ने लखीसराय शिक्षा महाघोटाला की निष्पक्ष जांच पर पटना उच्च न्यायालय की टिप्पणी को स्वागतयोग्य कदम बताया है।
आगे उन्होंने कहा कि
लखीसराय जिले में बीते दिनों उजागर हुए "शिक्षा महाघोटाला" की स्वतंत्र जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने स्वागत किया है।
उन्होंने कहा कि भाकपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य सह याचिकाकर्ता अधिवक्ता रजनीश कुमार एवं जितेंद्र कुमार द्वारा दाखिल सिविल रिट याचिका संख्या 15724/2025 पर माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश श्री सुधीर सिंह एवं न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार वर्मा की खंडपीठ ने 07 नवम्बर 2025 को सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया।
याचिका में यह मांग की गई थी कि लखीसराय थाना कांड संख्या 192/2025 एवं 193/2025, जो शिक्षा विभाग में हुए करोड़ों रुपये के कथित घोटाले से संबंधित हैं, की जांच विशेष जांच दल (SIT) या CBI/CID से कराई जाए ताकि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्भीक रूप से की जा सके।
माननीय खंडपीठ ने सुनवाई के

- **भाकपा जिला परिषद फोटोः अधिवक्ता रजनीश कुमार।**



दौरान यह टिप्पणी की –
> "उक्त दोनों प्रकरणों में प्राथमिकी (FIR) दर्ज हो चुकी है तथा जांच प्रगति पर है। इस अवस्था में न्यायालय का हस्तक्षेप उपयुक्त नहीं होगा। तथापि यह अपेक्षा की जाती है कि जांच अधिकारी पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ जांच पूर्ण करें और शीघ्र पुलिस प्रतिवेदन प्रस्तुत करें ताकि प्रकरण का विधिक निष्कर्ष निकल सके।"

» भाकपा नेताओं रजनीश कुमार एवं जितेंद्र कुमार ने न्यायालय की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा –

"हम न्यायालय की अपेक्षाओं के अनुरूप निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग को दोहराते हैं। यह जनता के धन और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ा गंभीर मामला है, इसलिए जांच शीघ्र पूरी हो और दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो – यही जनअपेक्षा है।"

» उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकपा का संघर्ष जारी रहेगा।

भाकपा ने कहा कि लखीसराय शिक्षा विभाग में सरकारी राशि के दुरुपयोग और फर्जी प्राक्कलन, कार्यमापी पुस्तिका, उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं सामग्री विपत्र के माध्यम से भारी वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। विद्यालय मरम्मत, रसोईघर, शौचालय, चहारदीवारी और बिजली-पानी के नाम पर बिना कार्य किए भुगतान किए जाने की शिकायतें जनता के बीच व्यापक रूप से उठीं।
भाकपा लखीसराय ने इस गंभीर भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनांदोलन चलाया और जब प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तब यह मामला न्यायालय के समक्ष रखा गया।
इस याचिका की पैरवी पटना उच्च न्यायालय में अधिवक्ता श्री उदय प्रताप सिंह एवं श्री प्रसून शेखर द्वारा की गई।भाकपा लखीसराय ने कहा कि शिक्षा महाघोटाले की जांच निष्पक्षता से हो, यही जनता की अपेक्षा है – पार्टी भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगी।
संबंधित आशय की जानकारी विद्वान सह भाकपा मीडिया प्रमुख अधिवक्ता रजनीश कुमार ने दी।

# अडानी समूह गुजरात के खावड़ा में बनायेगा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अडानी समूह ने 1126 मेगावाट बिजली क्षमता और 3530 मेगावाट आवर ऊर्जा क्षमता वाली परियोजना के साथ बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की है। समूह ने मंगलवार को बताया कि इस परियोजना में 700 से ज़्यादा बीईएसएस कंटेनर लगाये जायेंगे, जो देश में सबसे बड़ा बीईएसएस इंस्टॉलेशन होगा और दुनिया के सबसे बड़े सिंगल-लोकेशन बीईएसएस डिप्लॉयमेंट में से एक होगा। इस परियोजना के मार्च 2026 तक चालू होने की संभावना है। अडानी समूह की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह पहल देश की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने, चौबीसों घंटे बिजली देने और देश को लो-कार्बन भविष्य की ओर ले जाने में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना पीक लोड प्रेशर को कम करने, ट्रांसमिशन कंजेशन को घटाने और सोलर कटौती को कम करने में अहम भूमिका निभायेगा, जिससे ग्रिड की विश्वसनीयता और दक्षता में सुधार होगा। यह परियोजना गुजरात के खावड़ा में अडानी के नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र में बनायी जा रही है और इसपर काफी काम हो भी चुका है। इसे अत्याधुनिक लिथियम-आयन बैटरी टेक्नोलॉजी के साथ विकसित किया जा रहा है और बेहतर प्रदर्शन तथा विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के साथ जोड़ा जा रहा है।

# वोडाफोन आइडिया को दूसरी तिमाही में 5,524 करोड़ रुपये का नुकसान

**मुंबई।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5,524 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कंपनी के जारी वित्तीय परिणामों के अनुसार, तिमाही के दौरान परिचालन से प्राप्त कुल राजस्व 2.4 प्रतिशत बढ़कर 11,194.7 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने बताया कि सितंबर 2025 तक उसका बैंक ऋण घटकर 15.3 अरब डॉलर रह गया, जबकि उसके पास 30.8 अरब डॉलर की नकदी और बैंक बैलेंस है। वोडाफोन आइडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिजीत किशोर ने बताया कि कंपनी ने अपने 4जी कवरेज को 84 प्रतिशत तक बढ़ाया है और 17 सर्किलों में 5जी के रोलआउट का काम पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि कंपनी डेट के जरिये 500-550 अरब रुपये के पूंजी निवेश की अपनी योजना पर काम कर रही है।

# भारतीय कंपनियों का देश के बाहर प्रत्यक्ष निवेश अक्टूबर में 17 फीसदी घटा

**मुंबई।** भारतीय कंपनियों का देश के बाहर प्रत्यक्ष निवेश (ओएफडीआई) अक्टूबर में सालाना आधार पर 16.56 प्रतिशत घटकर 314.10 करोड़ डॉलर रह गया।भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि इक्विटी में ओएफडीआई 132.85 प्रतिशत बढ़कर 185.29 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया जबकि ऋण में निवेश 44.10 फीसदी घटकर 73.87 करोड़ डॉलर रह गयी। साथ ही, भारतीय निवेशकों ने गारंटी के माध्यम से 54.94 करोड़ रुपये का निवेश किया जो पिछले साल अक्टूबर की तुलना में 66.65 प्रतिशत कम है।




# बीएलएस ई-सर्विसेज को दूसरी तिमाही में 276 करोड़ रुपये की आय

नई दिल्ली। प्रौद्योगिकी-सक्षम डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी बीएलएस ई-सर्विसेज ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के दौरान 226.8 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 276.0 करोड़ रुपये की कुल आय अर्जित की। इसमें कंपनी ने 18.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। बीएलएस इंटरनेशनल की इस सहायक भारतीय कंपनी ने पिछले वर्ष इसी तिमाही में कुल 84.5 करोड़ रुपये की कुल आय दर्शायी थी। इस वित्त वर्ष की आय को पिछले वर्ष से तुलना करना ठीक नहीं होगा क्यों कि इसमें ऐडीफिडेलिस सोल्यूशन्स के कारोबार के कंपनी में एकीकरण का भी योगदान है। कंपनी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा, ' यह वृद्धि कंपनी के मजबूत व्यावसायिक प्रदर्शन और ऐडीफिडेलिस सोल्यूशन्स के एकीकरण से संभव हुई।

दूसरी तिमाही में कंपनी की परिचालन से आय 269.8 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 77.2 करोड़ रुपये थी। यह परिचालन राजस्व में सालाना आधार पर 249.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का परिचालन लाभ ( एबिडटा) सालाना आधार पर 26.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 26.3 करोड़ रुपये रहा जो विछले वित्त वर्ष में इसी दौरान 20.8 करोड़ रुपये था। दूसरी तिमाही में कर पश्चात लाभ 23.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18.3 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी अवधि में 14.9 करोड़ रुपये था। दूसरी तिमाही में लाभ का मार्जिन 6.6 प्रतिशत रहा। कंपनी की कुल छमाही आय 216.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 527.2 करोड़ रुपये रही। पिछले वर्ष इसी दौरान आय 166.8 करोड़ रुपये थी। दूसरी तिमाही में कंपनी का परिचालन लाभ और शुद्ध लाभ क्रमशः 51.2 करोड़ रुपये और 35.8 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले यह क्रमशः 39.5 करोड़ रुपये और 27.5 करोड़ रुपये था।

# दिल्ली में 'उद्योग संगम' में मध्य प्रदेश करेगा अपने नवाचारों की प्रस्तुति

एजेंसी

**भोपाल।** केंद्र सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा नई दिल्ली में मंगलवार, 11 नवम्बर को 'उद्योग संगम' (उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रियों का सम्मेलन) का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री सहभागिता करेंगे। इस कार्यक्रम में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मुख्य अतिथि रहेंगे। इस सम्मेलन में व्यापार सुधार कार्य योजना के परिणाम जारी किए जाएंगे और ईजी औफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों को सम्मानित किया जाएगा। जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने जानकारी दी कि दिल्ली में आयोजित 'उद्योग संगम' में मध्य प्रदेश अपने नवाचारों की प्रस्तुति करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन के अनुरूप राज्य में निवेशकों के लिए व्यवसायिक



सुगमता, पारदर्शिता और दक्षता को नई दिशा दी गई है। 434 सुधारों का प्रभावी क्रियान्वयन मध्य प्रदेश द्वारा किया गया है। इन सुधारों में प्रोसेस इंजीनियरिंग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और निवेश प्रोत्साहन से जुड़े कई उल्लेखनीय कदम शामिल हैं, जिनसे राज्य की औद्योगिक छवि सशक्त हुई है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के उद्योग विभाग द्वारा 'उद्योग संगम' में निवेश एमपी पोर्टल के माध्यम से स्थापित एकल खिड़की प्रणाली, राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (एनएसडब्ल्यूएस) के साथ एकीकरण (, औद्योगिक भूमि बैंक की सुविधा, गति शक्ति से जुड़ी लॉजिस्टिक सुधार पहल, ऑनलाइन क्लियरेंस प्रणाली, और स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करने वाले नवाचार प्रमुख रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे।

इन सुधारों से राज्य में उद्योग स्थापना और संचालन प्रक्रियाएँ न केवल सरल हुई हैं, बल्कि निवेशकों का विश्वास भी अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। Ease of Doing Business में मध्य प्रदेश का प्रदर्शन देश के अग्रणी राज्यों में गिना जा रहा है और 'उद्योग संगम' में राज्य की पहलें अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान DPIIT सचिव द्वारा स्वागत उद्बोधन के बाद औद्योगिक पार्क, स्टार्टअप्स, गतिशक्ति, लॉजिस्टिक्स, और Ease of Doing Business पर विभिन्न विषयगत प्रस्तुतियाँ होंगी। सत्र के समापन पर BRAP 2024 Video Release और राज्यों के Felicitation समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा राज्यों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश लगातार इस दिशा में कार्य कर रहा है, जहाँ उद्योग स्थापना और निवेश प्रक्रियाएँ सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनें। 'उद्योग संगम' में राज्य की प्रस्तुति इसी विजन का प्रतीक होगी।

# कैट ने दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर 'स्वदेशी अपनाओ-आत्मनिर्भर भारत बनाओ' का लिया संकल्प

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी की 105वीं जयंती पर एक समारोह में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने ठेंगड़ी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन और विचारों को नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित कारोबारियों और जनसमूह ने स्वदेशी अपनाओ-आत्मनिर्भर भारत बनाओ का संकल्प लिया। कैट ने एक बयान में बताया कि यह कार्यक्रम कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स तथा भामाशाह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चांदनी चौक के सांसद खंडेलवाल ने कहा कि राष्ट्रऋषि ठेंगड़ी न केवल भारतीय मजदूर संघ और भारतीय किसान संघ के संस्थापक थे, बल्कि वे भारतीय अर्थचिंतन के प्रखर मनीषी और स्वदेशी दर्शन के प्रणेता थे। उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रीयता, श्रम, स्वावलंबन और आत्मगौरव के अद्भुत संगम का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि ठेंगड़ी जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि भारत की आर्थिक आजादी का मार्ग केवल स्वदेशी से होकर जाता है। आज जब भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है, तब ठेंगड़ी जी के विचार और भी प्रासंगिक हो गए हैं। उनका चिंतन हर व्यापारी, श्रमिक और किसान के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल एक आर्थिक नीति नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा है और हमें ठेंगड़ी जी के बताए मार्ग पर चलते हुए स्वदेशी अर्थव्यवस्था को सशक्त करना होगा। समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प दोहराया कि वे अपने जीवन और व्यवसाय में भारतीय उत्पादों और भारतीय मूल्यों को सर्वोपरि रखेंगे तथा राष्ट्रऋषि ठेंगड़ी के विचारों को व्यवहार में उतारने का निरंतर प्रयास करेंगे।

# अजमान न्यूवेंचर्स सेंटर फ्री जोन ने 6,500 से अधिक बिजनेस की मौजूदगी दर्ज कर रचा इतिहास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अजमान न्यूवेंचर्स सेंटर फ्री जोन (एएनसीएफजैड) ने अपने कारोबार के पहले साल ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। अजमान नुवेंचर्स सेंटर फ्री जोन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ऋषि सोमैया ने कहा कि इसकी शुरुआत अक्टूबर 2024 में की गई। अब तक 6,500 से अधिक रजिस्टर्ड कंपनियां यहां आ गई हैं। ये अजमान के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। सोमैया ने कहा कि पंजीकृत कंपनियों का आंकड़ा अगले साल 10,000 के पार पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से करीब 45-50 प्रतिशत कंपनियां भारत से होंगी। अजमान न्यूवेंचर्स, 'फ्री जोन' में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई में रोड-शो आयोजित कर रही है। यूएई के सबसे डायनामिक बिज़नेस हब के बीच खास पहचान और एफडीआई में बड़े योगदान के साथ यह निवेशकों और उद्यमियों की पहली पसंद बन रहा है। वे बेहतर कार्य क्षमता, कम लागत और डिजिटल




सुविधा की चाहत में एएनसीएफजैड का रुख कर रहे हैं। एएनसीएफजैड के चेयरमैन शेख मोहम्मद बिन अब्दुल्ला अल नुएमी ने कहा कि अजमान के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। यह अजमान विजन 2030 के अनुसार कारोबार के शानदार केंद्र के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होने का प्रमाण है। एक साल के अंदर 6,500 से अधिक कंपनियों का यहां आना अजमान की दूरदर्शी आर्थिक नीतियों और फ्री ज़ोन के इनोवेटिव डिजिटल मॉडल पर उद्यमियों के अटूट भरोसे का प्रमाण है। एएनसीएफजैड ने शुरू से ही पूरी तरह इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम इस क्षेत्र में बिज़नेस खड़ा करने का नया नजरिया पेश किया है। यह निवेशकों को दो घंटे के अंदर बिज़नेस लाइसेंस और 24 घंटे के अंदर वीज़ा प्रोसेसिंग का काम पूरा करने की सुविधा देता है।

# शैलेस चंद्रा होंगे वाहन बनाने वाली कंपनियों के अंतरराष्ट्रीय संगठन के अध्यक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व ऑटोमोटिव उद्योग निकाय ओआईसीए ने सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा को अपना नया अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की है। ओआईसीए ने एक बयान में कहा कि उसने सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा को अपना अध्यक्ष चुना है। उनका कार्यकाल 01 नवंबर से प्रभावी होगा। वह एलायंस फॉर ऑटोमोटिव इनोवेशन (अमेरिका) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन बोजेला का स्थान लेंगे। देश के अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था सियाम के अध्यक्ष और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के एमडी और सीईओ शैलेश चंद्रा ने एक बयान में कहा, भारत से पहला ओआईसीए अध्यक्ष बनना सम्मान की बात है, जो हासिल कर रहा है, ओआईसीए की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।



संगठन के वैश्विक प्रतिनिधित्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे वैश्विक ऑटोमोटिव उद्योग स्थायी गतिशीलता की ओर बढ़ रहा है और दुनियाभर की सरकारों के दृष्टिकोण के अनुरूप 'नेट जीरो' का लक्ष्य शैलेश चंद्रा ने कहा कि हर क्षेत्र की विविधता को स्वीकार करने के लिए, क्योंकि हम सामूहिक रूप से अपने वाहनों को अधिक आकांक्षी, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने का प्रयास करते हैं।

# सरकार का लक्ष्य भारत को हरित हाइड्रोजन का वैश्विक केंद्र बनाना : प्रह्लाद जोशी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे नवीन प्रस्तावों की प्रतीक्षा है, जो हरित हाइड्रोजन उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ा सकें।

ई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हरित हाइड्रोजन 2025 पर तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित करने वाली पायलट परियोजनाओं के लिए नए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं, जिनमें 100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए बायोमास का उपयोग भी शामिल है। प्रल्हाद जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि हरित हाइड्रोजन को केवल एक विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि आर्थिक आवश्यकता के रूप में देखा




जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत सरकार का मुख्य ध्यान ऐसी नवीन तकनीकों के विकास पर है, जो हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए बायोमास या अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करें। ये सम्मेलन राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) को आगे बढ़ाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत का लक्ष्य दुनियाभर में स्वच्छ मूल्य श्रृंखलाओं और हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनना है। उन्होंने विश्व एक परिवार है के सिद्धांत पर ज़ोर दिया और कहा कि भारत की हरित हाइड्रोजन यात्रा से पूरे ग्रह को लाभ होगा। दो दिवसीय यह सम्मेलन हरित हाइड्रोजन के विकास और विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों से संबंधित विषयों पर केंद्रित होगा। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने वाली शुरुआती परियोजनाओं के लिए नए प्रस्ताव को आमंत्रित किए। इनमें 100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए 'बायोमास' का उपयोग भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कार्यान्वयन एजेंसी जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) जल्द ही इच्छुक एजेंसियों और अनुसंधान संस्थानों से भागीदारी को आमंत्रित करते हुए प्रस्तावों के लिए आमंत्रण जारी करेगी।



# अडानी समूह गुजरात के खावड़ा में बनायेगा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अडानी समूह ने 1126 मेगावाट बिजली क्षमता और 3530 मेगावाट आवर ऊर्जा क्षमता वाली परियोजना के साथ बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की है। समूह ने मंगलवार को बताया कि इस परियोजना में 700 से ज़्यादा बीईएसएस कंटेनर लगाये जायेंगे, जो देश में सबसे बड़ा बीईएसएस इंस्टॉलेशन होगा और दुनिया के सबसे बड़े सिंगल-लोकेशन बीईएसएस डिप्लॉयमेंट में से एक होगा। इस परियोजना के मार्च 2026 तक चालू होने की संभावना है।

अडानी समूह की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह पहल देश की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने, चौबीसों घंटे बिजली देने और देश को लो-कार्बन भविष्य की ओर ले जाने में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना पीक लोड प्रेशर को कम करने, ट्रांसमिशन कंजेशन को घटाने और सोलर कटौती को कम करने में अहम भूमिका निभायेगा, जिससे ग्रिड की विश्वसनीयता और दक्षता में सुधार होगा। यह परियोजना गुजरात के खावड़ा में अडानी के नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र में बनायी जा रही है और इसपर काफी काम हो भी चुका है। इसे अत्याधुनिक लिथियम-आयन बैटरी टेक्नोलॉजी के साथ विकसित किया जा रहा है और बेहतर प्रदर्शन तथा विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के साथ जोड़ा जा रहा है।

अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने कहा, ऊर्जा भंडारण नवीकरणीय ऊर्जा से चलने वाले भविष्य की आधारशिला है। इस ऐतिहासिक परियोजना के साथ हम न केवल वैश्विक मानक स्थापित कर रहे हैं, बल्कि देश की ऊर्जा स्वतंत्रता और सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत कर रहे हैं। यह पहल हमें बड़े पैमाने पर विश्वसनीय, स्वच्छ और किफायती ऊर्जा समाधान देने में सक्षम बनायेगी।

# फुजियामा पावर सिस्टम्स लिमिटेड का आईपीओ 13 नवंबर को खुलेगा, मूल्य दायरा 216-228 रुपये प्रति शेयर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फुजियामा पावर सिस्टम्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) गुरुवार, 13 नवंबर को खुलेगा। निवेशक इसमें 17 नवंबर तक निवेश के लिए बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल्?य का दायरा 216-228 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इसके शेयर 20 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे। 'रूफटॉप' सौर उद्योग के लिए समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने बताया कि ये आईपीओ 600 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 10 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस इश्यू के लिए बड़े (एंकर) निवेशक 12 नवंबर को बोली लगा पाएंगे। फुजियामा पावर सिस्टम्स लिमिटेड की योजना इस




आईपीओ के जरिए 828 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी के मुताबिक एक रुपये अंकित मूल्य वाले फुजियामा पावर सिस्टम्स लिमिटेड के आईपीओ के लिए निवेशक न्यूनतम 65 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 65 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। कंपनी की योजना नए इश्यू से प्राप्त 1,800 मिलियन रुपये की शुद्ध आय का रतलाम, मध्य प्रदेश में विनिर्माण सुविधा स्थापित करने और 2,750 मिलियन रुपये कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के कुछ हिस्से के पुनर्भुगतान और पूर्व भुगतान के लिए तथा शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि फुजियामा पावर सिस्टम्स लिमिटेड की स्थापना वर्ष 2017 में की गई थी। ये कंपनी रूफटॉप सोलर इंडस्ट्री में काम करती है। इसके अलावा ऑन-ग्रिड, ऑफ-ग्रिड और हाइब्रिड सोलर सिस्टम जैसे कई समाधान भी प्रदान करती है। कंपनी ने 522 से अधिक उत्पाद तैयार किए हैं, जिनमें सोलर इनवर्टर, सोलर पैनल और बैटरियां शामिल हैं।

# ई-कॉमर्स मंच के लिए 'मूल देश' फिल्टर को अनिवार्य करने का प्रस्ताव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** । उपभोक्ता मामलों के विभाग ने ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के लिए ऑनलाइन बेचे जाने वाले पैकेज्ड वस्तुओं के लिए 'मूल देश' के आधार पर खोज योग्य और क्रमबद्ध फिल्टर प्रदान करना अनिवार्य बनाने के लिए एक संशोधन का प्रस्ताव दिया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय उपभोक्ता कार्य विभाग ने विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) (द्वितीय) संशोधन नियम, 2025 का मसौदा जारी किया है। इस संशोधन से उपभोक्ताओं को ऑनलाइन खरीदारी करते समय उत्पादों की उत्पत्ति की आसानी से पहचान करने में मदद मिलेगी। यह कदम डिजिटल मार्केटप्लेस में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि संशोधन नियमों का मसौदा सार्वजनिक परामर्श के लिए विभाग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है और हितधारकों से 22 नवंबर, 2025 तक dirwm-ca[at]nic[dot]in, ashutosh.agarwalvx[at]nic[dot]in, या mk.naik|w[at]gov[dot]in पर टिप्पणियां आमंत्रित हैं। मसौदा अधिसूचना मंत्रालय की वेबसाइट पर यहां देखी जा सकती है। यह संशोधन 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को आसानी से खोज योग्य बनाकर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल




फॉर लोकल' पहल का प्रत्यक्ष समर्थन करता है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक यह प्रस्तावित संशोधन एक पारदर्शी, उपभोक्ता-अनुकूल और प्रतिस्पर्धी ई-कॉमर्स प्रणाली के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है और डिजिटल बाजारों में उपभोक्ता विश्वास को बढ़ाता है।

# भारत के साथ व्यापार समझौते के काफी करीबः ट्रम्प



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका, भारत के साथ नये व्यापार समझौते के काफी करीब है। श्री ट्रम्प ने यहां भारत में अमेरिका के राजदूत पद पर नियुक्त हुए सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर अपने ओवल कार्यालय में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि यह एक निष्पक्ष व्यापार समझौता होगा और पुराने समझौते से बिल्कुल अलग होगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने इस साल अगस्त से भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है। इसमें 25 प्रतिशत रूस से तेल आयात करने और शेष 25 प्रतिशत भारत में अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क की ऊंची दरों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के तौर पर लगाया गया है।

# उतार चढ़ाव के बीच मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी को बढ़त

एजेंसी

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह के कारोबार में गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार इस सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आज मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। हालांकि आज के कारोबार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। इसके बावजूद ज्यादातर समय खरीदारों का पलड़ा ही भारी रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान डिफेंस, आईटी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एनर्जी, मेटल, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एफएमसीजी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 468.12 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 466.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.81 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,513 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,962 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,372 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 179 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,863 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,356 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,507 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए।बीएसई का सेंसेक्स आज 18.08 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 83,198.20 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती 1 घंटे के कारोबार में बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से दोपहर 1 बजे के करीब सेंसेक्स 538.21 अंक की मजबूती के साथ 83,754.49 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट का रुख बन गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 200 अंक से अधिक फिसल कर 319.07 अंक की बढ़त के साथ 83,535.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 11.20 अंक की मामूली तेजी के साथ 25,503.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद पहले घंटे के कारोबार में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद इस सूचकांक को खरीदारों का सहारा मिल गया। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 1 बजे के करीब निफ्टी 161.15 अंक उछल कर 25,653.45 अंक तक पहुंच गया इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई। खासकर, आखरी 1 घंटे के कारोबार में हुई बिकवाली के कारण निफ्टी ऊपरी स्तर से लगभग 80 अंक टूट कर 82.05 अंक की मजबूती के साथ 25,574.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ।